
दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
वर्ष: 2 | अंक: 214 जयपुर, शुक्रवार, 14 जुलाई, 2023 | श्रावण, कृष्ण पक्ष- द्वादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

**जरूरी खबर**

### 39 IAS अफसरों के तबादले... मेहता RPSC में सचिव

**जयपुर।** राज्य सरकार ने गुरुवार देर रात आदेश जारी कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के 39 अधिकारियों के तबादले किए हैं। भानु प्रकाश एटरू जोधपुर और भंवर लाल मेहरा बीकानेर के संभागीय आयुक्त बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री के सचिव गौरव गोयल अब सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के भी शासन सचिव होंगे। आशीष गुप्ता जैसलमेर, अंशदीप श्रीगंगानगर, अरविन्द कुमार पोसवाल उदयपुर, सौरभ स्वामी सीकर, डॉ. अमित यादव नागौर और पीयूष समरिया चित्तौड़गढ़ कलेक्टर लगाए गए हैं। वहीं, राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर में रामनिवास मेहता को सचिव व आशुतोष गुप्ता को मुख्य परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। राजन विशाल मुख्यमंत्री के विशिष्ट सचिव होंगे।

### ICC देगी महिलाओं और पुरुषों को बराबर प्राइज मनी



**लंदन।** आईसीसी ने घोषणा की है कि आईसीसी टूर्नामेंट्स में अब पुरुष और महिला दोनों टीमों के लिए समान पुरस्कार राशि होगी। इसकी शुरुआत आगामी टी20 विश्व कप से हो सकती है। महिला क्रिकेट लिए यह आईसीसी का ऐतिहासिक फैसला है। बीसीसीआई के अध्यक्ष जय शाह ने भी ट्वीट कर आईसीसी के इस फैसले पर खुशी जताई है। आईसीसी वुमेन टी20 वर्ल्ड कप 2023 में जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को 8.27 करोड़ रुपए प्राइज मनी के रूप में दिए गए। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में खेले गए मेंस टी20 वर्ल्ड कप में विनर टीम को 13 करोड़ रुपए दिए गए थे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंचीं जयपुर: प्रेसिडेंट बनने के बाद राजस्थान का दूसरा दौरा... विस सत्र की भी होगी शुरुआत**

# आज विधानसभा में पहली बार होगा राष्ट्रपति का संबोधन

- दिन में खाटूश्यामजी जाएंगी, शाम को सेमिनार में करेंगी शिरकत
- राज्यपाल और विधानसभा अध्यक्ष ने एयरपोर्ट पर की अगवानी

**बेधड़क | जयपुर**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के तीन दिवसीय दौरे पर गुरुवार की शाम जयपुर पहुंचीं, जहां हवाई अड्डे पर राज्यपाल ने उनका स्वागत किया।

राष्ट्रपति बनने के बाद मुर्मू की का यह दूसरा जयपुर दौरा है। इससे पहले वे तीन जनवरी को राजभवन में संविधान पार्क के लोकार्पण करने यहां आई थीं। गुरुवार को सांगानेर हवाई अड्डे के स्टेट हैंगर में राज्यपाल कलराज मिश्र ने उनकी अगवानी की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, मुख्य सचिव उषा शर्मा, पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा भी मौजूद रहे।

राजस्थान विधानसभा के सत्र की शुरुआत शुक्रवार सवेरे 11 बजे राष्ट्रपति मुर्मू के विशेष संबोधन से होगी।



### राज्यपाल व सीएम भी रहेंगे उपस्थित

राजस्थान विधानसभा में राष्ट्रपति का संबोधन पहली बार हो रहा है और इस मौके पर राज्यपाल मिश्र भी मौजूद रहेंगे। शुक्रवार शाम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (राजस्थान शाखा) के तत्वावधान में राजस्थान विधानसभा की तरफ से होने वाले सेमिनार में बतौर अतिथि शिरकत करेंगी। राज्यपाल मिश्र, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ भी सेमिनार को संबोधित करेंगे। इससे पहले राष्ट्रपति का दिन में दर्शन करने खाटू श्याम जी मंदिर जाने का भी कार्यक्रम है।

### पहले दिन दो विधेयक

विधानसभा सत्र की शुरुआत से पहले गुरुवार को कार्य सलाहकार समिति की बैठक हुई। सूत्रों की मानें तो बैठक में 18 जुलाई तक का कामकाज तय हो गया है। शुक्रवार को राष्ट्रपति के संबोधन के बाद दोपहर 1:15 बजे विधानसभा की कार्यवाही शुरू होगी। निर्दलीय विधायक संयम लोढा सदन में नियम समिति के प्रथम प्रतिवेदन को रखेंगे। पहले ही दिन सदन में दो विधेयक रखे जाएंगे। इसमें राजस्थान विधियां निरसन विधेयक-2023 और राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण विधेयक-20023 शामिल हैं। विधायी कार्यों और फिर शोकाभिव्यक्ति के बाद सदन की बैठक को सोमवार तक के लिए स्थगित किया जाएगा। सोमवार को प्रश्नकाल के साथ विधानसभा की कार्यवाही शुरू होगी।

**पेंशन लाभार्थी संवाद समारोह में मुख्यमंत्री का ऐलान...**

# मिनिमम गारंटीड इनकम बिल लाएंगे इसी सत्र में

**यह कोई रेवड़ी नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा की गारंटी है: गहलोत**

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धि के लिए जनता ने जताया आभार**

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि हर व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना सरकार की जिम्मेदारी है। राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेशवासियों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। मिनिमम गारंटीड इनकम बिल इस दिशा में राज्य सरकार का एक और महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने इस बिल को अपनी सहमति दे दी है और इसी विधानसभा सत्र में यह बिल लाया जाएगा।

मुख्यमंत्री निवास पर गुरुवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभार्थी जयपुर के रामलीला मैदान से वीसी के माध्यम से शामिल हुए। पेंशन लाभार्थियों ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन में की गई बढ़ोतरी एवं इसमें प्रतिवर्ष 15 प्रतिशत की वृद्धि करने के निर्णय पर मुख्यमंत्री गहलोत का आभार जताया।




### हर व्यक्ति को सम्मान से जीने का हक

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि संविधान की मूल भावना के अनुरूप हर व्यक्ति को सम्मान से जीने का हक है। राज्य सरकार ने इस दिशा में विभिन्न प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भी लिखा है। सामाजिक सुरक्षा की योजना रेवड़ी नहीं है, बल्कि सामाजिक सुरक्षा की गारंटी है। प्रदेश में मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना लागू कर महात्मा गांधी नरेगा योजना में 100 दिन के स्थान पर 125 दिन का रोजगार दिया जा रहा है।

### राइट टू हेल्थ का ऐतिहासिक कानून भी किया लागू

राइट टू हेल्थ के रूप में ऐतिहासिक कानून बनाकर लागू किया गया है, जिसके अन्तर्गत हर व्यक्ति के सम्पूर्ण उपचार की जिम्मेदारी अब सरकार की है। प्रदेश में करीब एक करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है। पूर्ववर्ती केन्द्र सरकार ने कानून बनाकर शिक्षा, सूचना, रोजगार एवं खाद्य सुरक्षा का अधिकार देशवासियों को दिया गया। वर्तमान केन्द्र सरकार को भी इसी तर्ज पर सामाजिक सुरक्षा कानून बनाकर लागू करना चाहिए।

### 6 लाख बच्चों के पालन की जिम्मेदारी सरकार की

सीएम गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार महंगाई राहत कैंपों में 10 योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। ये योजनाएं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने वाली हैं। प्रदेश में छात्राओं एवं विशेष योग्यजनों को स्कूटी दी जा रही है। वहीं, सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को निशुल्क यूनिफॉर्म एवं प्रतिदिन दूध उपलब्ध करवाया जा रहा है। पालनहार योजना के अंतर्गत 6 लाख बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। यह राज्य सरकार की अभिनव योजना है, जिसके अंतर्गत विशेष देखरेख एवं संरक्षण वाले बच्चों को पालने की जिम्मेदारी सरकार निभा रही है। योजना के अंतर्गत बच्चों की अच्छी शिक्षा व पालन-पोषण के लिए 2500 रुपए तक की राशि प्रतिमाह दी जा रही है।

**भरतपुर के जघीना हत्याकांड के बाद एक्शन में पुलिस**

# प्रदेश में हार्डकोर अपराधियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगी पेशी

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर से भरतपुर कोर्ट में पेश करने के लिए हार्डकोर अपराधी को रोडवेज बस में ले जाने के मामले में पुलिस मुख्यालय से डीजीपी उमेश मिश्रा ने गुरुवार को उच्च स्तरीय जांच के लिए आईजी क्राइम प्रफुल्ल कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया है। डीजीपी मिश्रा ने बताया कि यह टीम सुरक्षा के संबंध में हुई लापरवाही, बंदियों को लाने के लिए तय नियमों की पालना करने के संबंध में जांच करेगी। अगर किसी अधिकारी की लापरवाही रही होगी तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, प्रमुख शासन सचिव आनंद कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में सेंट्रल जेल, जयपुर में निरुद्ध बंदी कुलदीप सिंह और विजयपाल को पुलिस अभिरक्षा में कोर्ट में पेशी के लिए भरतपुर भिजवाने के दौरान अमोली टोल प्लाजा पर फायरिंग की घटना को लेकर उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

इसमें निर्णय हुआ कि डीजी जेल विभाग और डीजीपी से समन्वय स्थापित कर जिला स्तर पर एक कमेटी गठित की जाएगी। यह कमेटी हार्डकोर बदमाशों, संगठित गिरोह और गंभीर धाराओं में बंद अपराधियों, जिन्हें पेशी पर ले जाने के दौरान जानलेवा हमला होने या फिर कानून व्यवस्था बिगड़ने की संभावना हो, उन्हें चिह्नित कर सूची तैयार करेगी। सुरक्षा कारणों की वजह से ऐसे अपराधियों की कोर्ट में पेशी हाई सिक्योरिटी जेल अजमेर की तर्ज पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करवाई जाएगी। व्यक्तिगत पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं होने या कोर्ट के आदेशों की पालना में ही होगी।



### कुलदीप हत्याकांड के आरोपी रिमांड पर

वहीं भरतपुर में दिनदहाड़े गोलीबारी के मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों को कोर्ट ने पांच दिन की पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया। भरतपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्रजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि मृतक कुलदीप जघीना का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

# भरतपुर में झमाझम बारिश

## राजधानी में उमस का शुमार

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश की एक दर्जन से अधिक जगहों पर जहां गुरुवार को भी भारी बारिश हुई। इधर, राजधानी समेत दो दर्जन से भी अधिक जगहों पर उमस ने आमजन को परेशान भी किया।

राज्य की दो जगहों का तापमान 40 के पार और अधिकतर जगह 40 डिग्री के करीब पहुंच गया। भरतपुर के डीग में गुरुवार को 90 एमएम और पहाड़ी में 72 एमएम बारिश हुई। वहीं, हनुमानगढ़ और बारां में 12-12 सेमी से अधिक क्रमशः 121.5 एमएम और 124 एमएम बारिश दर्ज की गई।



राजधानी में दोपहर 2 बजे पारा 35.7 डिग्री तक पहुंच गया। जिससे वातावरण में उमस का शुमार हो गया। मौसम केंद्र जयपुर ने शुक्रवार को राजधानी समेत दौसा, करौली और टोंक में अतिभारी बारिश का अलर्ट भी जारी किया गया है।

### जायसवाल का पहले टेस्ट में शतक




**डॉमिनिका।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच यहां खेले जा रहे दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन यशस्वी जायसवाल ने अपने डेब्यू टेस्ट में शतक ठोंक दिया। यह कारनामा करने वाले वे 17वें बैटर हैं। दूसरे दिन अंतिम समाचार मिलने तक पहली पारी में 1 विकेट खोकर 240 से ज्यादा रन बना लिए थे। पहला विकेट रोहित शर्मा (103) का गिरा। वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे।

**लो आ गया महामिशन का दिन**

# चंद्रयान-3 लॉन्चिंग आज... सोमनाथ चेंगलम्मा परमेश्वरिनी की शरण में

- आज दोपहर 2:35 बजे हमारा चंद्रयान उड़ेगा चांद की जमीं पर उतरने को
- मैं मंदिर में सफलता का आशीर्वाद लेने आया: इसरो प्रमुख
- एलवीएम3एम4 रॉकेट 'चंद्रयान-3' को ले जाएगा चांद के सफर पर

**एजेंसी | श्रीहरिकोटा**

इसरो ने कहा कि देश के तीसरे चंद्र मिशन 'चंद्रयान-3' के प्रक्षेपण के लिए 25.30 घंटे की उलटी गिनती गुरुवार को यहां स्थित अंतरिक्ष केंद्र में शुरू हो गई। शुक्रवार को रवाना होने वाला 'चंद्र मिशन' वर्ष 2019 के 'चंद्रयान-2' का अनुवर्ती मिशन है। भारत के इस तीसरे चंद्र मिशन में भी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का लक्ष्य चंद्रमा की सतह पर लैंडर की 'सॉफ्ट लैंडिंग' का है। संगठन के प्रमुख एस सोमनाथ ने मिशन के प्रक्षेपण से पहले गुरुवार को सुल्लुरपेटा स्थित श्री चेंगलम्मा परमेश्वरिनी मंदिर में पूजा-अर्चना की। यदि इस बार इस मिशन में सफलता मिलती है तो भारत ऐसी उपलब्धि हासिल कर चुके अमेरिका, चीन और पूर्व सोवियत संघ जैसे देशों के क्लब में शामिल हो जाएगा।



### इसरो अध्यक्ष ने की पूजा-अर्चना

इसरो प्रमुख सोमनाथ ने 'चंद्रयान-3' मिशन की सफलता की कामना से गुरुवार को सुल्लुरपेटा स्थित श्री चेंगलम्मा परमेश्वरिनी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस मौके पर सोमनाथ ने कहा, "मुझे चेंगलम्मा देवी के आशीर्वाद की जरूरत है... मैं यहां प्रार्थना करने और इस मिशन की सफलता के लिए आशीर्वाद लेने आया हूं।"

### यह कहा इसरो ने

इसरो ने कहा, "एलवीएम3एम4-चंद्रयान-3 मिशन: शुक्रवार को 14.35 बजे पर किए जाने वाले प्रक्षेपण की उलटी गिनती शुरू हो गई है।" अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि 'चंद्रयान-3' कार्यक्रम के तहत इसरो अपने चंद्र मॉड्यूल की मदद से चंद्र सतह पर 'सॉफ्ट-लैंडिंग' और चंद्र भूभाग पर रोवर के घूमने का प्रदर्शन करके नई सीमाएं पार करने जा रहा है।

### एलवीएम3 की है चौथी अभियानगत उड़ान

इसरो ने कहा कि शुक्रवार का मिशन एलवीएम3 की चौथी अभियानगत उड़ान है, जिसका उद्देश्य 'चंद्रयान-3' को भू-समकालिक कक्षा में प्रक्षेपित करना है। एलवीएम3 रॉकेट ने कई उपग्रहों को प्रक्षेपित करने, अंतरग्रही अभियानों सहित अधिकतर जटिल अभियानों को पूरा करने करने की अपनी विशिष्टता साबित की है। यह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ग्राहक उपग्रहों को ले जाने वाला सबसे बड़ा और भारी प्रक्षेपण यान भी है।

### मिशन हर तरह से सफल हो: नायर

बेंगलुरु में वरिष्ठ अंतरिक्ष वैज्ञानिक जी माधवन नायर ने कहा कि चंद्रमा तक पहुंचने के चंद्रयान-3 मिशन को सभी पहलुओं पर सफल होना चाहिए, ताकि भारत अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक अहम पड़ाव पार कर सके। उन्होंने चांद की सतह पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' को बेहद मुश्किल और जटिल करार दिया। उन्होंने कहा कि यह अभियान इसरो के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## जरूरी खबर

### पीसीसी महासचिव बनने पर डॉ. शर्मा का किया सम्मान



**जयपुर।** नवगठित प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी में प्रदेश महासचिव बनने पर राजस्थान प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजपाल शर्मा का गुरुवार को गांधीनगर में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सम्मान किया। शर्मा ने इस मौके पर कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसे मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाउंगा। इस अवसर पर पीसीसी की कार्यकारिणी में बने पदाधिकारिओं का भी सम्मान किया गया। जयपुर देहात के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष गोपाल मीणा, प्रदेश महासचिव इंद्रा मीणा, राजेन्द्र शर्मा, रवि जोशी, सत्येन्द्र मीणा का भी स्वागत किया गया।

### 43.50 करोड़ से 50 पक्षीघरों का होगा निर्माण

**जयपुर।** प्रदेश में पक्षियों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए 50 पक्षीघर बनाए जाएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 43.50 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। यह पक्षीघर 33 लवकुश वाटिकाओं तथा 17 अन्य स्थानों पर बनाए जाएंगे। पक्षीघरों के निर्माण, पक्षियों के लिए भोजन एवं विदेशी पक्षियों के क्रय के लिए प्रति पक्षीघर 87 लाख रुपए का व्यय होगा। इसी राशि में से एक-एक लाख रुपए से पक्षीघरों में कोकटियल, लव बर्ड तोता, बजरिगर, गिनी फाउल आदि पक्षी पेट शॉप्स से खरीदे जाएंगे।

### फसल बीमा क्लेम देने में राजस्थान अव्वल



**जयपुर।** राजस्थान में किसानों को फसल बीमा योजना के माध्यम से खराब हुई फसल की क्षतिपूर्ति के लिए बीमा क्लेम दिया जा रहा है। गहलोत सरकार की योजना की तर्ज पर अब केंद्र सरकार "मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान पूरे देश में लागू कर काश्तकारों को बीमा पॉलिसियां वितरित कर रही है। कृषि एवं उद्यानिकी शासन सचिव डॉ. पृथ्वी ने कहा कि प्रदेश में गत चार वर्षों में लगभग 956.42 लाख फसल बीमा पॉलिसियों का सृजन हुआ है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 210 लाख फसल बीमा पॉलिसियों पर पोर्टल के माध्यम से 19 हजार 900 करोड़ रुपए का फसल बीमा क्लेम वितरित कर राजस्थान पूरे देश में अव्वल है।

**भाजपा विधायक दल की बैठक में बनाई रणनीति, 'नहीं सहेगा राजस्थान' आंदोलन की शुरुआत करेंगे जे. पी. नड्डा**

# विधानसभा में सात दिन सात मुद्दों पर सरकार को घेरेगी BJP

बेधड़क | जयपुर

कांग्रेस सरकार को घेरने के लिए गुरुवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में रणनीति तय की गई। इस दौरान भाजपा विधानसभा में सात दिन तक सात अलग-अलग मुद्दों को लेकर सरकार पर वार करेगी।

वहीं पार्टी की ओर से 'नहीं सहेगा राजस्थान' प्रदेशव्यापी आंदोलन चलाया जाएगा, जिसकी शरुआत 16 जुलाई को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। इस दौरान जयपुर की चंदन वाटिका में नड्डा सभा करेंगे। सभी संभागों और जिलों में इस आंदोलन को शुरू किया जाएगा, जो कि एक अगस्त तक चलेगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि 'नहीं सहेगा राजस्थान' आंदोलन राज्य सरकार की लूट और झूठ की सरकार के खिलाफ जनता की आवाज बनेगा। जिसकी अलग से एक वेबसाईट भी बनाई जाएगी। जिस पर प्रदेश स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक आंदोलन से जुड़ी तमाम जानकारियां मिलेंगी।

आंदोलन के दौरान 15 दिन तक विधानसभा, चौपाल, ढाणी और वार्ड स्तर तक धरना प्रदर्शन सभाएं आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रत्येक विधानसभा स्तर पर कांग्रेस सरकार के खिलाफ चार्जशीट तैयार की जाएगी। इन सभी कार्यक्रमों का दायित्व युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, एससी मोर्चा, एसटी मोर्चा, ओबीसी मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा को सौंपा गया है। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि आंदोलन की रूपरेखा के लिए प्रदेश स्तर पर एक समिति का गठन किया। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंन्द्र गोठवाल को संयोजक और श्रवण बगड़ी को सह-संयोजक बनाया है।



### कानून-व्यवस्था प्रमुख मुद्दा

विधानसभा का शुक्रवार से शुरू हो रहा आखिरी सत्र हंगामेदार रह सकता है। क्योंकि भाजपा ने विधानसभा में कांग्रेस सरकार को घेरने की तैयारी कर ली है। भाजपा की विधायक दल की बैठक में सात दिन तक चलने वाली सदन की कार्रवाई के दौरान 7 मुद्दे तय कर घेराव की रणनीति तय की गई है। इसमें कानून व्यवस्था, किसानों की कर्ज माफी, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी-पेपर लीक, बिजली की दरें, मानसून में प्रशासन की लापरवाही और बिपरजॉय तूफान मुद्दें होंगे। कानून-व्यवस्था इस बार सदन में प्रमुख मुद्दा होगा। वहीं जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार, योजना भवन मिली करोड़ों की नकदी और सोने जैसे मुद्दों पर विपक्ष राज्य सरकार से जवाब मांगेगा।

### लोकतंत्र कमजोर करने की साजिश

राजेन्द्र राठौड़ ने संसदीय लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो सत्र जनवरी में आहूत हुआ था, वो ही सत्र शुरू हो रहा है। इसके चलते विधायक आम जनता से जुड़े सवाल पूछने का कोटा पूरा होने के कारण तारांकित और अतारांकित सवाल पूछने से महरूम रह गए हैं। सरकार ने सत्र का सत्रवासन नहीं किया, जिसके चलते विधायकों को सवाल पूछने का अधिकार नहीं मिला।

### डोटासरा को बताया मानसिक रोगी

डोटासरा ने दो दिन पहले राजेन्द्र राठौड़ पर बयान देते हुए कहा था कि राठौड़ 8 बजे बाद मुख्यमंत्री बन जाते हैं। जिस पर राठौड़ ने पलटवार करते हुए डोटासरा को मनो रोगी बताया। वहीं डॉ. सतीश पूनियां ने कहा कि सरकार आने पर उनके इलाज के लिए अलग से विभाग खोलना पड़ेगा।

**कांग्रेस का मिशन रिपीट: सभी को एकजुट रहने का दिया संदेश**

# कार्यशाला में विधानसभा चुनावों को लेकर आगामी रणनीति तय

■ ब्लॉक अध्यक्षों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री गहलोत वर्चुअल तरीके से जुड़े

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय (पीसीसी) में गुरुवार को कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षों का सम्मेलन हुआ। इसमें कांग्रेस ने 'मिशन रिपीट' को लेकर सभी को एकजुट रहने का संदेश दिया।

इस बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वर्चुअल तरीके से जुड़े और ब्लॉक अध्यक्षों को संबोधित किया। वहीं प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा, हरीश चौधरी, बीडी कल्ला के साथ सचिन पायलट भी मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि सरकार आते ही आलाकमान के निर्देश पर 3 महीने में बोर्ड और कॉरपोरेशन के अध्यक्ष चेयरमैन नियुक्त हो जाएंगे। गोविंद सिंह डोटासरा बोले सभी ब्लॉक अध्यक्ष अगले सात दिन में अपनी ब्लॉक कार्यकारिणी बना लें और जो अच्छा काम कर रहे हैं, उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी में प्रमोट करने की सिफारिश भी करें। अभी हमें ग्राम पंचायत के अध्यक्ष भी बनाने हैं, जिसमें प्राथमिकता कांग्रेस विचारधारा वाले नेताओं को दी जाए।




### सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी नहीं

डोटासरा ने कहा कि प्रदेश में सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी नहीं है। हमारी पार्टी का पूरा संगठन तैयार है। सरकार की बहुत अच्छी योजनाएं हैं, सब एकजुटता के साथ चुनाव में जाएंगे और 2023 में भी जीतेंगे और 2024 की जंग भी हम जीतेंगे। आने समय में केंद्र में भाजपा में बड़ा विस्फोट होगा। दो व्यक्ति पार्टी को चला रहे हैं। राहुल गांधी के साथ केंद्र सरकार ने जो किया उसको लेकर पूरे देश में आक्रोश है।

### ग्राम पंचायत अध्यक्ष होंगे नियुक्त

आगामी दिनों में संगठन का और विस्तार करने के लिए कांग्रेस पार्टी अब एक नया प्रयोग करने जा रही है। पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष के बाद अब ग्राम पंचायत अध्यक्ष भी बनाने जा रही है। ग्राम पंचायत पर एक अध्यक्ष बनाया जाएगा और 20 लोग ग्राम पंचायत अध्यक्ष की कार्यकारिणी में शामिल होंगे। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि आज ब्लॉक अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर हुआ है। संगठन की मजबूती को लेकर कार्यशाला में चर्चा हुई है। घर-घर तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाएंगे। जल्द ही आने वाले दिनों में बूथ अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्षों का एक बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे और राहुल गांधी शामिल होंगे।

### हम सब एकजुट: रंधावा

कांग्रेस में आपस में मनमुटाव हो सकते हैं लेकिन जब लड़ाई की बात आती है, कांग्रेस की बात आती है, तो हम मनमुटाव को भूल कर लड़ते हैं। हम बीजेपी जैसे नहीं हैं। कांग्रेस का डीएनए लड़ने का है, हम पार्टी में हमारी आवाज उठा सकते हैं। भाजपा में कोई बोल नहीं सकता। हमारी पार्टी ने देश की आजादी के लिए काम किया है। हम देश को पीछे ले कर जाने वाले नहीं हैं। जल्द ही आगामी चुनावों को लेकर मेनिफेस्टो कैंपेन सहित तमाम चुनाव की कमेटियों का गठन होगा और इस बार सितंबर में ही टिकट वितरण शुरू हो जाएगा। सर्वे के आधार पर अच्छी छवि और जिताऊ लोगों को टिकट दिए जाएंगे।

### एकजुटता के साथ बनाई रणनीति

ब्लॉक अध्यक्षों की कार्यशाला में पार्टी पदाधिकारी एकजुटता के साथ रणनीति बनाते हुए नजर आए। ब्लॉक अध्यक्षों को गांव-गांव तक सरकार की योजनाएं और पार्टी की विचारधारा को पहुंचाने को लेकर वरिष्ठ नेताओं ने प्रशिक्षण दिया। संगठन में सक्रिय होकर अच्छा कार्य करने वाले सर्वश्रेष्ठ ब्लॉक अध्यक्षों का खिताब भी दिया जाएगा।

**देव दर्शन यात्रा में पहुंची शकुंतला रावत**

# क्या भाजपा ने देवी देवताओं का ले रखा है कॉन्ट्रैक्ट: रावत



बेधड़क | जयपुर

जयपुर और जोधपुर संभाग में देवस्थान विभाग की ओर से देव दर्शन यात्रा के बाद गुरुवार को भरतपुर में देव दर्शन यात्रा शुरू हुई। इसमें देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत ने नंगे पैर चलकर देव दर्शन किए। साथ ही इनके साथ मंत्री सुभाष गर्ग भी मौजूद रहे।

इस मौके पर रावत ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या भाजपा ने भगवान राम या देवी देवता का कॉन्ट्रैक्ट ले रखा है। क्या वाल्मीकि ऋषि से पहले भाजपा थी। ईश्वर किसी पार्टी विशेष का नहीं होता है, बल्कि ईश्वर एक शक्ति है और हर धर्म में इंसान का सर झुकता है। फिलहाल राजस्थान में भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए वह देवताओं को बीच में लाते हैं। अशोक गहलोत ने यहां सभी मुद्दों को पूरा कर दिया।

### 98 आरपीएस अफसरों के तबादले

**जयपुर।** चुनावी साल में पुलिस महकमे में एक बार फिर बड़ा फेरबदल हुआ है। अब 98 आरपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। गृह विभाग ने गुरुवार को यह तबादला सूची जारी की। राजधानी जयपुर में 6 अधिकारी बदले गए हैं। नई लिस्ट में जेडीए प्रवर्तन अधिकारी का भी तबादला हुआ। अब धर्मेंद्र यादव को मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन अधिकारी लगाया गया है। लंबे समय से प्रवर्तन अधिकारी के पद पर रहे रघुवीर सैनी को एएसपी जयपुर ग्रामीण पद पर लगाया गया है।

**200 यूनिट बिजली उपभोग तक नहीं लगेंगे अन्य चार्जेज**

# कनेक्शन परिवर्तन की सुविधा जल्द

बेधड़क | जयपुर

ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने निशुल्क बिजली योजना को लेकर प्रेस वार्ता की। इसमें बताया कि मुख्यमंत्री की ओर से प्रदेशवासियों को मंहगाई से राहत देने के लिए घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट प्रतिमाह व किसानों को प्रतिमाह 2000 यूनिट निःशुल्क बिजली दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि अभी तक 94 लाख घरेलू व 12 लाख कृषि उपभोक्ताओं को इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। भाटी



ने बताया कि 100 यूनिट तक बिजली का उपभोग करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को निशुल्क बिजली मिल रही है। वहीं 200 यूनिट तक बिजली उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं को प्रथम 100 यूनिट निशुल्क और 200 यूनिट तक लगने वाले सभी अन्य चार्जेज स्थाई शुल्क, विद्युत कर, फ्यूल सरचार्ज से राहत मिल रही है। उन्होंने बताया कि एक जन आधार कार्ड पर उपभोक्ता को केवल एक कनेक्शन का लाभ दिया जा रहा है।

जिन घरेलू उपभोक्ताओं के एक से अधिक कनेक्शन हैं और वे अब दूसरे कनेक्शन को इस योजना के तहत पंजीकरण करवाना चाहते हैं, उनको परिवर्तन करने के लिए शीघ्र ही विभाग द्वारा ऑनलाइन व सहायक अभियन्ता कार्यालय के माध्यम से सुविधा प्रदान की जाएगी।

### विस अध्यक्ष ने लिया तैयारियों का जायजा

**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के राजस्थान विधानसभा और राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं का राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने गुरुवार को जायजा लिया। डॉ. जोशी ने व्यवस्थाओं के संदर्भ में अधिकारियों को मौके पर निर्देश दिए। विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष को राष्ट्रपति के कार्यक्रमों के संबंध में की गई तैयारियों की जानकारी दी।

**नागौर व डेह तहसील में लाईमस्टोन के नए डिपोजिट्स मिले**

# लाईमस्टोन डिपोजिट्स के हुए 21 ब्लॉक तैयार, 7 की ई-नीलामी शुरू

बेधड़क | जयपुर

नागौर व डेह तहसील के 14.71 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में लाईमस्टोन के नए डिपोजिट्स मिले हैं। जिनकी नीलामी की जाएगी।

यह जानकारी देते हुए खान व गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया ने गुरुवार को कहा कि स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा व अधिक से अधिक भागीदारी के लिए कुल 21 ब्लॉक तैयार किए गए हैं। जिसमें से 18



ब्लॉक 4.8 हैक्टेयर क्षेत्रफल के हैं। वहीं तीन ब्लॉक लगभग 300 से 500 हैक्टेयर क्षेत्रफल के तैयार किए गए हैं। पहले चरण में 7 ब्लॉकों की नीलामी की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही सीकर नीम का थाना में आयरन और ब्लॉक का कंपोजिट लाइसेंस के लिए ऑक्शन किया जा रहा है। इधर एसीएस माइंस वीनू गुप्ता ने बताया कि विभाग द्वारा मिनरल्स के ब्लॉक तैयार कर भारत सरकार के ई-पोर्टल के माध्यम से ई-ऑक्शन की कार्यवाही शुरु कर दी गई है।

**एक्शन में जलदाय मंत्री**

# गलत जानकारी देने वाले एक्सईएन को मंत्री ने किया एपीओ, दी हिदायत

■ लापरवाही बरतने वाले अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी

बेधड़क | जयपुर

पीएचईडी मंत्री डॉ. महेश जोशी द्वारा 11 जुलाई को हुई पेयजल विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान गलत तथ्य एवं जानकारी देने के कारण अधिशासी अभियंता गिरीश कुमार जैन को गुरुवार को एपीओ किया गया है।

इनकी जगह अधिशासी अभियंता का अतिरिक्त कार्यभार निशा शर्मा को दिया गया। वहीं गुरुवार को अतिरिक्त मुख्य




सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डॉ. सुबोध अग्रवाल ने समीक्षा बैठक ली।

जहां उन्होंने बारिश से पहले निर्धारित लक्ष्य के अनुसार हैंडपंप एवं नलकूप खुदाई नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मार्च-अप्रैल में स्वीकृत हैंडपंप एवं नलकूप अभी बारिश के मौसम में खोदने से कम गहराई पर पानी आ जाएगा और अगले साल गर्मी के मौसम में ये फिर से सूख जाएंगे।

विभागीय अभियंताओं की इस लापरवाही से एक साल में ही हैंडपंप-ट्यूबवैल अनुपयोगी हो जाते हैं और आमजन की पेयजल की समस्या का भी समाधान नहीं हो पाता। उन्होंने अधिकारियों को वर्षाकाल में हैंडपंप की खुदाई नहीं करने के निर्देशों की पालना सख्ती से करने को कहा।

हर घर जल सर्टिफिकेशन के कार्य में हो रही लापरवाही पर डॉ. अग्रवाल ने एसीई (सपोर्ट एक्टीविटीज) सतीश जैन को कार्य पर फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीसलपुर-जयपुर ट्रांसमिशन मेन लाइन में पिछले माह हुए लीकेज को भी गंभीरता से लेते हुए एसई (बीसलपुर प्रोजेक्ट) को फील्ड में रहकर मेंटिनेंस की पर्याप्त मॉनिटरिंग करने की बात कही।

### तीन महीने में सात हजार से अधिक अवैध कनेक्शन हटाए


अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अवैध कनेक्शन हटाने, बूस्टर्स जब्त करने, टंकियों की सफाई, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में पुरानी एवं क्षतिग्रस्त पाइप लाइन बदलने के संबंध में प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल से लेकर 30 जून तक 8729 अवैध जल संबंध चिन्हित किए गए, 841 कनेक्शन नियमित किए गए तथा 7888 अवैध जल संबंध हटाए गए। इसके अलावा जून माह में 3360 अवैध जल संबंध चिन्हित किए गए। जिनमें से 3092 हटाए गए एवं 268 कनेक्शन नियमित किए गए। वर्ष 2023-24 में सर्वाधिक अवैध जल संबंध चिन्हित करने वाले जिलों में नागौर (950), अजमेर (692), टोंक (608), नगर वृत्त, जोधपुर (544) एवं बाड़मेर (470) हैं।

### ट्यूबवैल बिजली कनेक्शन नहीं होने से पड़ा असर

प्रदेश के कई जिलों में स्थापित ट्यूबवैल बिजली कनेक्शन नहीं होने से स्वीकृत नहीं हो पाए हैं और इसका असर जल कनेक्शनों की प्रगति पर पड़ा है। इसकी के तहत मार्च 2023 एवं इससे पहले के 147 ट्यूबवैल अभी तक स्वीकृत नहीं हुए हैं, जबकि अप्रैल 2023 एवं इसके बाद के 509 ट्यूबवैलों की स्वीकृति पेंडिंग है। सर्वाधिक पेंडेंसी जोधपुर, सीकर, बीकानेर, बाड़मेर एवं अलवर में है। इसी प्रकार मार्च 2023 एवं इसके पहले के स्वीकृत 377 तथा अप्रैल 2023 एवं इसके बाद स्वीकृत 1744 हैंडपंप अभी तक लंबित हैं। अजमेर, जयपुर, सीकर, धौलपुर एवं सवाई माधोपुर में सर्वाधिक हैंडपंप लंबित हैं।

## जरूरी खबर

### डांग विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सिंह का निधन



**बेधड़क, जयपुर।** डांग विकास बोर्ड के पूर्व चेयरमैन और रिटायर्ड आईएएस अधिकारी सत्यनारायण सिंह का गुरुवार को जयपुर में 90 साल की उम्र में निधन हो गया। वे गत दिनों से बीमार चल रहे थे। अजमेर रोड स्थित पुरानी चुंगी मोक्षधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान राजसीको के चेयरमैन राजीव अरोड़ा, राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के निदेशक एनसी गोयल समेत कई राजनेता और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वहीं सत्यनारायण सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उनके परिजनों से फोन पर बात कर संवेदना व्यक्त की।

### डिस्कॉम कर्मियों का 88वें दिन भी धरना जारी




**जयपुर।** इंटर डिस्कॉम तबादलों को लेकर डिस्कॉमकर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना 86वें दिन भी जारी रहा। डिस्कॉमकर्मी बिजली के तीनों विभागों में इंटर डिस्कॉम स्थानांतरण नीति बनाए जाने की मांग को लेकर विधायक आवास गांधीनगर में इंटर डिस्कॉम संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। समिति के अध्यक्ष रामकेश मीणा ने बताया कि सरकार और प्रशासनिक स्तर पर कई दौर की वार्ता होने के बावजूद भी कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि मांगे नहीं माने जाने पर कार्मिकों द्वारा विधान सभा का घेराव किया जाएगा। इस दौरान ओम पूनिया, तरसेम सिंह सहित सैकड़ों डिस्कॉमकर्मी मौजूद रहे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**बिना परमिशन एसएमएस अस्पताल में चैनल का वीडियो शूट, अस्पताल प्रशासन को नहीं लगी भनक**

# मेंटेनेंस के लिए बंद ओटी में करवा दी डिस्कवरी की शूटिंग

बेधड़क | जयपुर



प्रदेश के सबसे बड़े एसएमएस अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी का ऑपरेशन थिएटर मरीजों के लिए तो मेंटीनेंस के लिए बंद किया हुआ है, लेकिन फिर भी इसमें डिस्कवरी चैनल से वीडियो शूट करवा दिया गया। हालांकि, यह शूटिंग किसके कहने पर हुई, इसका जवाब जिम्मेदार एक दूसरे पर टाल कर दे रहे हैं।

मामले की जानकारी में सामने आया है कि बिना अस्पताल अधीक्षक की अनुमति से ही निजी चैनल से यह विडियो शूटिंग करवा दी गई। अस्पताल के अधीक्षक तक को इस मामले का पता नहीं चल पाया कि रोबोटिक सर्जरी ओटी में कोई चैनल आकर पूरी रिकॉर्डिंग कर गया। नियमों के अनुसार किसी भी प्रकार की वीडियो रिकॉर्डिंग ऑपरेशन थिएटर में करने के लिए अस्पताल प्रशासन से अनुमति लेनी होती है, लेकिन निजी चैनल ने सिर्फ एक डॉक्टर से संपर्क कर अपना काम कर लिया। वहीं, सर्जरी विभाग के जिस डॉक्टर ने यह पूरी शूटिंग करवाई, उन्होंने भी अस्पताल अधीक्षक को इसकी भनक तक नहीं लगने दी।

### तीन दिन से बंद है ऑपरेशन थिएटर

एसएमएस अस्पताल में मरीजों की सर्जरी में काम आने वाला सर्जिकल ओटी पिछले तीन दिन से बंद है। मेंटेनेंस के नाम पर इसे बंद किया हुआ है और मरीजों का इसमें फिलहाल इलाज नहीं किया जा रहा है, लेकिन फिर भी सर्जिकल ऑपरेशन थियेटर में गुरुवार को डॉक्टर ने फोटो शूट करवा दिया। हालांकि, मरीजों को थियेटर बंद होने के कारण सर्जरी करवाने के लिए अभी कुछ और दिन तक इंतजार करना पड़ेगा। डिस्कवरी चैनल को अपना विडियो शूटिंग करने के लिए कुछ घंटों का भी इंतजार नहीं करना पड़ा। चैनल से आए प्रतिनिधि ने सीधे सर्जरी डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्ष डॉ.सुमिता ए जैन को फोन किया और उनके साथ रोबोटिक सर्जरी से जुड़ी पूरी डॉक्यूमेंट्री बना ली। हालांकि, ओटी में चैनल को एंट्री करने के लिए विभागाध्यक्ष ने किसकी अनुमति ली इसके बारे में वह नहीं बता सकी। पूरे मामले में किसी भी जिम्मेदार की अनुमति लेना उचित नहीं समझा, जबकि सर्जिकल विभागाध्यक्ष की और से शनिवार तक ऑपरेशन थियेटर बंद करने के आदेश दिए गए हैं। तीन दिन से ऑपरेशन थियेटर बंद होते हुए भी डॉ. सुमिता ए जैन फोटो शूट करवाते हुए मिली।

### सरकार कोई डॉक्यूमेंट्री बनवा रही होगी!

चैनल के साथ शूटिंग करवाने वाली सर्जरी डिपार्टमेंट विभागाध्यक्ष डॉ. सुमिता ए. जैन ने कहा कि मुझे लगा कि इलेक्शन आ रहे हैं तो सरकार कोई डॉक्यूमेंट्री बनवा रही होगी तो मैने उन्हें हां कह दिया। मुझे तो पता नहीं चैनल ने अस्पताल अधीक्षक से इसके लिए स्वीकृति ली होगी। मेरे पास अधीक्षक का तो नहीं, बल्कि चैनल वाले का फोन आया था। अब सरकार का काम है तो मैं कैसे रोक सकती हूं।

### मैंने नहीं दी कोई अनुमति


एसएमएस अस्पताल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने कहा कि कोई निजी कंपनी वाले रोबोटिक सर्जरी की डॉक्यूमेंट्री बनवाने के लिए शूटिंग की अनुमति मांगने आए थे। मैने ओटी बंद होने का हवाला देकर उन्हें कोई अनुमति नहीं दी, क्योंकि नियमों के अनुसार ऑपरेशन थियेटर में बाहरी व्यक्ति का आना मना होता है। यहां तक कि निजी अस्पताल के डॉक्टर्स को भी ओटी में आने की अनुमति नहीं दी जाती। अगर किसी निजी कंपनी ने शूटिंग की है तो मैं पूरा मामले की जानकारी लूंगा।

**सफाईकर्मी भर्ती : विभाग ने किया प्रक्रिया में संशोधन**

# सर्टिफिकेट से नहीं चलेगा काम करके ही दिखानी होगी सफाई

**■ आवेदक को साक्षात्कार में 30 तो प्रायोगिक में लाने होंगे 50 अंक**

बेधड़क | जयपुर



स्वायत्त शासन विभाग की ओर से सफाई कर्मचारियों के लिए निकाली गई भर्ती की प्रक्रिया में विभाग ने संशोधन किए हैं। अब उम्मीदवार को साक्षात्कार के साथ-साथ प्रायोगिक परीक्षा से भी गुजरना पड़ेगा। यानी कि उम्मीदवार को चयन समिति के सामने उनके बताए स्थान पर मौके पर जाकर सफाई भी करनी पड़ेगी। शौचालय, नाली, सीवर, कचरा उठाना आदि कार्यों में अपनी दक्षता दिखानी भी होगी।

गौरतलब है कि सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया के शुरू होते ही कई गुटों ने इसे लेकर कई प्रकार की आपत्तियां दर्ज कराई थीं। ऐसे में अब किसी भी प्रकार का फर्जीवाड़ा रोकने के उद्देश्य से स्वायत्त शासन विभाग ने ये संशोधन किए हैं।

संशोधित विज्ञप्ति में विभाग ने कहा है कि सफाई कर्मचारी के चयन के लिए कुल 80 अंकों की साक्षात्कार और प्रायोगिक परीक्षा भी आयोजित की जाएगी। इसमें साक्षात्कार के 30 अंक होंगे और प्रायोगिक परीक्षा 50 अंकों की होगी। पात्र अभ्यर्थियों को सफाई का डेमो करना होगा। चयन समिति द्वारा बताई जगह को उनके सामने ही साफ करना होगा। इसमें चयन समिति सीवर लाइन, शौचालय, नालियों की सफाई, नालों की सफाई, कचरा उठाना, गीला- सूखा कचरा अलग करना, पार्कों की सफाई में से किसी भी प्रक्रिया को करा सकती है। इनमें से कोई भी चार कार्य उम्मीदवार को करने होंगे।

### इन्हें मिलेगी प्राथमिकता

- पारम्परिक रूप से सफाई कार्य करने वाले।
- विधवा या तलाकशुदा महिला।
- तुलनात्मक रूप से अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी।

### पहली बार CCTV की निगरानी में होगी परीक्षा

पिछली विभिन्न परिक्षाओं में हो रही धांधली के बाद सरकार ने सफाई कर्मचारी भर्ती परीक्षा पहली बार कैमरे की निगरानी में कराने का निर्णय लिया है।

### ये रहेंगे चयन समिति में

प्रायोगिक परीक्षा लेने वाली चयन समिति में महापौर या सभापति, जिला कलेक्टर द्वारा मनोनीत आरएएस अधिकारी, उपमहापौर या समकक्ष जन प्रतिनिधी, सहायक अभियंता, चिकित्सा अधिकारी, मुख्य नगर पालिक अधिकारी शामिल रहेंगे।

### सफाई कार्य का एक साल का अनुभव अनिवार्य

भर्ती में शामिल होने के लिए विभाग ने सफाई कार्य में अनुभवी को ही पात्र माना है। इसके लिए उम्मीदवार को किसी भी संस्था, घर, दुकान, कार्यालय आदि में एक साल तक सफाई कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र लेना पड़ेगा। इसके लिए विभाग ने अनुभव प्रमाण पत्र का प्रारूप भी जारी किया है। साथ ही राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित चरित्र प्रमाण पत्र भी देना होगा।

**समित शर्मा के खिलाफ शिकायत**

# कर्मचारियों के लिए लागू हो राज्य कार्मिक सुरक्षा कानून



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष अभिमन्यु शर्मा ने गुरुवार को शासन सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग समित शर्मा पर कार्रवाही करने को लेकर 51 पेज का सीएमओ में मुख्यमंत्री के नाम शिकायत पत्र सौंपा। अभिमन्यु ने मुख्यमंत्री से प्रदेश के कार्मिकों के लिए राजस्थान राज्य कार्मिक सुरक्षा कानून' की मांग करते हुए समित शर्मा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने बताया कि उनके विरुद्ध की गई झूठी षड्यंत्रपूर्वक व कूटरचित दस्तावेज आधारित शिकायत को इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया के माध्यम से छवि धूमिल करने व कार्यालय समय के दौरान अभद्र व्यवहार की शीघ्र जांच कर कार्रवाई करने को लेकर लिखा गया है।

उन्होंने बताया कि समित शर्मा द्वारा खुद को राज्य की समस्त ब्यूरोक्रेसी में एकमात्र कर्मठ, सख्त कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में झूठ प्रचारित करने और सरकार में अपने नंबर बढ़वाने की मानसिकता से खबरों में बने रहने के लिए प्रदेश के विभिन्न विभागों के कार्मिकों में भय पैदा कर असंवेदनशील व अमानवीयता से उनका भविष्य बर्बाद करने की चेष्टा की गई। समित शर्मा द्वारा प्रताड़ित कार्मिकों को मानसिक के साथ आर्थिक, सामाजिक क्षति हुई है। इनके द्वारा संपूर्ण सेवा काल में महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए कार्मिकों के विरुद्ध की गई कार्यवाहियों की एक उच्च स्तरीय जांच कर कार्रवाई की जाए।

**स्वच्छता सर्वेक्षण: आमजन से ले रहे फीडबैक**

# रैंकिंग को 2 घंटे पैदल घूमीं मेयर

बेधड़क | जयपुर



देशभर में चल रहे स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में बेस्ट रैंक लाने के लिए सभी निगम और निकाय एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। रैंक में सुधार के लिए गुरुवार को ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने सड़क पर पैदल घूम कर जागरूकता अभियान की शुरुआत की। महापौर निगम मुख्यालय से पैदल ही टोंक रोड़ के बाजारों में गई और अपनी राय एप के जरिए देने की अपील भी की। इस दौरान निगम चेयरमैन, पार्षद और निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि जयपुर में सर्वेक्षण की टीम कभी भी दौरा कर सकती है। इसके लिए दोनों निगम साफ सफाई की लगातार मॉनिटिरिंग कर रहे हैं। ग्रेटर निगम स्वच्छता एप के जरिए लोगों से फीडबैक मांग रहा है। शहरवासी सुझाव देंगे और निगम की कार्यशैली पर भी मत देंगे। जयपुर ग्रेटर की रैंक सुधारने के लिए सौम्या गुर्जर और आयुक्त महेन्द्र सोनी ने लोगों से अपील भी की है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में भी भले ही दोनों निगम ने अपने-अपने दावे किए हों, लेकिन केन्द्र से सर्वेक्षण के लिए आई टीम के लिए सब बंदोबस्त नाकाफी रहा, जिसका खामियाजा शहर को रैंक में उठाना पड़ा। पिछली बार की गलतियों से सबक लेते हुए ही ग्रेटर निगम ने आमजन को भी इस अभियान में शामिल कर लिया है।

**मथुरादासपुरा कचरा डिपो में कथित ठेकेदार की दबंगई**

# कचरा बीनना है तो 200 रुपए रोज दो

बेधड़क | जयपुर



हेरिटेज नगर निगम के जयसिंहपुरा खोर स्थित मथुरादासपुरा कचरा डिपो में कचरा बीनने वाले लोगों ने कथित ठेकेदार पर दबगंई कर हफ्ता वसूली का आरोप लगाया है। डिपो में पिछले 15 सालों से कचरा बीन रहे लोगों ने कहा कि ठेकेदार ने उन्हें धमकाकर भगा दिया और कहा कि आगे से यहां आना है तो 200 रुपए प्रतिदिन लेकर आना।

रोजी रोटी छिनने से परेशान लोगों ने गुरुवार को हेरिटेज मुख्यालय में अधिकारियों के सामने अपनी पीड़ा बताई है। निगम अधिकारियों ने राष्ट्रपति के जयपुर दौरे का हवाला देकर मामले में सोमवार तक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। हेरिटेज निगम का सबसे बड़ा कचरागाह सुमेल रोड पर मथुरादासपुरा में है।

यहां पर शहर से गाड़ियों में कचरा लाकर एकत्र किया जाता है। यहां कचरे की छंटनी कर बाहर भेजती है। इसी कचरा डिपो में करीब 15 साल से आस पास के करीब 150 परिवार प्लास्टिक एकत्र कर अपना जीवनयापन कर रहे थे।

करीब 10 दिन पहले डिपो में एक कथित ठेकेदार अपने आदमियों के साथ आया और उन्हें डिपो से बाहर जाने की कहने लगा। इस पर लोगों के आपत्ति जताने पर कहा कि ये डिपो मैंने ठेके पर ले लिया है। अगर तुम लोगों को कचरा बीनना है तो रोज का 200 रुपए देना पड़ेगा। कचरा बीनने वाले लोगों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार का विरोध करने पर उसके साथ आए लोगों ने उनके साथ मारपीट की और वहां पर से भगा दिया।

**यूं सुधर सकती है प्रदेश में दिव्यांग स्कूलों की स्थिति**

# दिव्यांग विद्यालयों में छात्रों के अनुपात में हो विशेष शिक्षकों की नियुक्ति

बेधड़क | जयपुर

'दिव्यांग उच्च माध्यमिक स्कूलों में छात्रों के अनुपात में विशेष शिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिए। इससे जहां शिक्षा का स्तर सुधरेगा वहीं दिव्यांग स्टूडेंस्ट्स के प्रवेश भी बढ़ेंगे।' ये सुझाव सामने आए बिना व्याख्याता विशेष शिक्षा के लिए जूझ रहे सरकारी दिव्यांग स्कूलों की स्थिति में सुधार को लेकर विशेष शिक्षक संगठनों के पदाधकारियों से की गई बातचीत में।

वहीं, दिव्यांग स्टूडेंट्स का कहना था कि विशेष शिक्षा के व्याख्याता नहीं होने से उन्हें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कम अवसर मिलते हैं। साथ ही सामान्य स्टूडेंट्स से प्रतिस्पर्धा करने का मौका नहीं मिल पाता हैं। उन्होंने कहा कि हम मूक बधिर, अंध, मानसिक विमंदित दिव्यांग बच्चों को केवल विशेष शिक्षक पढ़ा और समझा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य शिक्षक दिव्यांग बच्चों पर ध्यान नहीं देते हैं। गौरतलब है कि दिव्यांग छात्रों की समस्या को लेकर सच बेधड़क के 12 जुलाई के अंक में '80 हजार से अधिक दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए स्कूलों में संजय की कमी' शीर्षक से प्रकाशित की थी। इसके की अगली कड़ी में सच बेधड़क ने विशेष शिक्षा संगठनों और स्टूडेंस्ट्स से बात कर इस समस्या का समाधान जानने का प्रयास किया।




### एक साल पहले बनी कमेटी पर अभी तक नहीं हुआ फैसला

दिव्यांग स्टूडेंट्स के लिए राज्य सरकार के निर्देश पर 3 जून 2022 को शिक्षा निदेशालय बीकानेर में व्याख्याता नियुक्त करने को लेकर 11 सदस्य की कमेटी का गठन किया गया था। करीब एक साल बीत जाने के बाद में भी अभी तक कोई फैसला नहीं आया। कमेटी के सदस्य पवन कुमार शर्मा ने बताया कि 11 सदस्य की कमेटी ने व्याख्याता विशेष शिक्षा पद का नवीन संवर्ग और इसकी योग्यता संबंधी नियमावली तैयार कर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। कमेटी की फाइल शासन सचिवालय में प्रक्रियाधीन है, लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं पाया।

### इनका कहना है

"छात्रों की संख्या के अनुसार सरकार को भारतीय पुनर्वास परिषद के नियमानुसार विशेष शिक्षा में व्याख्याता- वरिष्ठ अध्यापकों की भर्ती करनी चाहिए, जिससे दिव्यांग छात्रों का शैक्षिक उन्नयन हो सके।

**-पवन कुमार शर्मा,** प्रदेश अध्यक्ष, राजस्थान विशेष शिक्षक संघ

"स्टूडेंट्स के बढ़ते ड्रॉप आउट प्रतिशत को रोकने के लिए कक्षा 12 तक के स्टूडेंट्स के लिए व्याख्याताओं की व्यवस्था की जानी चाहिए। उचित संख्या में शिक्षक नहीं होने से बच्चों को बराबरी का मौका नहीं मिल रहा है।

**संजय भारद्वाज,** प्रदेश सलाहकार, राजस्थान विशेष शिक्षक संघ

"दिव्यांगों की शिक्षा के लिए दो विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। इनमें दिव्यांग छात्रों की संख्या में तब ही वृद्धि हो सकती है, जब सरकार उच्च माध्यमिक विद्यालय स्तर की शिक्षा पर छात्र अनुपात के अनुसार व्याख्याता-वरिष्ठ अध्यापकों विशेष शिक्षा की व्यवस्था करे।

**-विपिन प्रकाश शर्मा,** प्रदेश महामंत्री, अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत)

### ये बोले बच्चे

"स्कूल में स्पेशल शिक्षक के बिना हमें सीखने में बहुत सारी समस्याएं आती हैं। मैं कक्षा 12 का विद्यार्थी हूं, लेकिन मुझे पढ़ने के लिए मेरे विषयों का एक भी व्याख्याता विशेष शिक्षा नहीं है।

**-विकास,** मूक बधिर छात्र

"विशेष शिक्षक जैसे हमें पढ़ाते हैं, उतना अच्छा हमे सामान्य शिक्षक नहीं पढ़ा सकते हैं और ना ही उतना अच्छा हमें समझा पाते हैं। शिक्षकों की कमी से हमे शिक्षा के बेहतर अवसर नहीं मिल पाते हैं।

**-विवेक,** दिव्यांग छात्र

## जरूरी खबर

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज आएंगी खाटूश्यामजी



**सीकर।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु शुक्रवार को खाटूश्याम बाबा के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर श्री श्याम मंदिर कमेटी तैयारियों में जुटी हुई है। इसके तहत श्याम मंदिर को बंगाली कारीगरों की ओर से आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। वहीं श्याम बाबा के सामने लगी छह कतार को हटा दिया गया और श्याम बाबा के सामने लगे शीशे को भी हटाया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु श्याम मंदिर में बीस मिनट पूजा-अर्चना करेंगी। कमेटी अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान राष्ट्रपति को पूजा-अर्चना कराएंगे। प्रशासन ने राष्ट्रपति के दर्शन के लिए खास व्यवस्था की है। राष्ट्रपति के दर्शन के दौरान श्याम भक्त भी चार कतार में दर्शन कर सकेंगे। वहीं पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

### मंत्री-विधायकों को भेंट करेंगे सांभर का नमक

**फुलेरा।** फुलेरा को जिला घोषित किए जाने की मांग को लेकर स्थानीय लोग 17 जुलाई को प्रदेश के सभी मंत्री और विधायकों को सांभर का नमक और मां शाकंभरी का चित्र भेंट करेंगे। इसके माध्यम से जनप्रतिनिधियों से विधानसभा सत्र में फुलेरा को जिला घोषित करने की मांग पूरजोर तरीके से उठाने का अनुरोध किया जाएगा। समाजसेवी दीनदयाल कुमावत ने बताया कि सांभर-फुलेरा के साथ जो अन्याय हुआ है, उसके लिए मंत्री विधायकों के आवास पर जाकर उन्हें नमक भेंटकर उनसे इस मांग को विधानसभा सत्र में उठाने का आग्रह किया जाएगा।

### सैनी के नेतृत्व में निकाली जन राहत आभार रैली



**चौमू।** प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए शहर में गुरुवार को जन राहत आभार रैली निकाली गई। कांग्रेस नेता कैलाश राज सैनी के नेतृत्व में रैली के माध्यम से योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई गई। इससे पहले सैनी ने कांग्रेस कार्यकर्ता और आमजन के साथ मंदिर में भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रैली का शुभारम्भ किया। रैली का चौमूं शहर के मुख्य बस स्टैंड से लेकर कई गांवों में स्वागत हुआ।

---

**अनेदखी का नतीजा:** प्रदेश की महिलाओं को निशुल्क बांटे जाने वाले हजारों सेनेटरी नैपकिन जंगल में बिखरे मिले

# सरकारी नुमाइंदे ही योजना की 'उड़ान' में डाल रहे खलल

■ मामला सामने आने के बाद अधिकारियों की नींद टूटी, जांच में जुटे

बेधड़क | झालावाड़

प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने तीसरी सालगिरह पर प्रदेशवासियों के लिए अनेक सौगाते दी थी। इसी कड़ी में सरकार ने प्रदेश की महिलाओं को 'उड़ान योजना' का तोहफा दिया था। इसके तहत 10 से 45 साल तक की 1.20 करोड़ महिलाओं और युवतियों को निशुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरण करने की घोषणा की गई थी। सरकार ने इस योजना को लागू कर वाहवाही तो लूटी, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही दिख रही है। इससे लगता है कि सरकार के कारिंदे ही इस योजना की 'उड़ान' में बाधक बन रहे हैं। सरकारी अधिकारी और कर्मचारी इस योजना को बट्टा लगा रहे हैं।

सेनेटरी नैपकिन कागजों में वितरण किए जा रहे हैं। वहीं उन्हें वितरण नहीं कर जंगल में फेंका जा रहा है। ऐसा ही मामला जिले के सुनेल कस्बे में सामने आया है। कस्बे से करीब एक किलोमीटर दूर जंगल में उड़ान योजना के तहत राजस्थान मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन द्वारा आंगनबाड़ी एवं सरकारी विद्यालयों में वितरित किए जाने वाले हजारों सेनेटरी नैपकिन के पैकेट जंगल में इधर-उधर बिखरे पड़े मिले। सूचना के बाद अधिकारियों में हड़कंप मच गया।



### बैच नम्बर और निर्माण तिथि भी अंकित

जंगल में सरकारी सेनेटरी नैपकिन पड़े होने की जानकारी मिलने पर संवाददाता ने मौके पर जाकर मुआयना किया। मौके पर मिले सैनिटरी नैपकिन पर राजस्थान सरकार का उड़ान योजना का लोगो, बैच नम्बर जे-421 एवं निर्माण तिथि अगस्त 2022 अंकित था। वहीं सेनेटरी नैपकिन की एक्सपायरी दिनांक अगस्त 2025 की है। इस मामलें में अधिकारीयों से बात की गई तो मौके पर लगभग 4 घंटे बाद ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी अंकुर सोमानी, महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी दिलीप गुप्ता मौके पर पहुंचे। मौके पर जले हुए हजारों सेनिटरी नैपकिन के अवशेष मिले। वहीं बड़ी संख्या में पैकेट इधर-उधर पड़े मिले। जानकारी में आया है कि टीम के पहुंचने से पहले सबुतों को मिटाने की कोशिश की गई। सूत्रों से पता चला कि ऑटो में भरकर 2500 से 3000 सेनेटरी नैपकिन को नष्ट करने के लिए लाया गया था।

### दोषियों पर होगी कार्रवाई

ब्लॉक सीएमएचओ सुनेल अंकुर सोमानी ने बताया कि सूचना मिलने पर हमारी टीम मौके पर पहुंची। वहां बड़ी संख्या में सेनेटरी नैपकिन जले हुए पाए गए, वही एक सैनिटरी नैपकिन पैकेट में भी पाया गया। बैच नंबर के आधार पर तलाश की जा रही है कि यह कौन से विभाग से संबंधित है। इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर सख्त कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को लिखा जाएगा। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी दिलीप गुप्ता सुनेल एवं जिला शिक्षा अधिकारी मोहनलाल ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही है।

---

**पर्यटन को लगेंगे पंख:** आनासागर झील में उतारा डबल डेकर क्रूज

# गोवा की तरह प्रदेश में भी अब सैलानी कर सकेंगे क्रूज की सैर

नवीन वैष्णव | बेधड़क

**अजमेर।** राजस्थान की सैर पर आने वाले देसी-विदेशी सैलानी अब यहां भी क्रूज की सैर का तुत्फ उठा सकेंगे। अजमेर की ऐतिहासिक आनासागर झील में प्रदेश के पहले सौर ऊर्जा से संचालित डबल डेकर क्रूज को उतारा गया। शहरवासियों के साथ पर्यटक भी इसमें सफर का आनंद ले सकेंगे। जल्द ही इसकी सौगात मिलने जा रही है।

आनासागर झील में फिलहाल डबल डेकर क्रूज के इंटीरियर डिजाइनिंग का काम चल रहा है। इस क्रूज में सोलर पैनल लगाए गए हैं। इसे सोलर एनर्जी, ग्रीन एनर्जी से ही चलाया जाएगा। क्रूज का ठेका संचालित करने वाली गीता मार्बल कंपनी के प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह राव ने बताया कि अजमेर में डबल डेकर क्रूज लगभग बनकर तैयार हो गया है। क्रूज में इंटीरियर डिजाइनिंग का काम चल रहा है। यह क्रूज डबल डेकर होगा और इसकी लंबाई लगभग 22 मीटर और चौड़ाई लगभग 8 मीटर है।

यह क्रूज ईंधन से चलने के बजाय सोलर पैनल से संचालित होगा और सोलर पैनल से एनर्जी स्टोर करने के लिए बैटरी का एक बड़ा पैनल भी इसमें लगा होगा। इसके प्रथम तल पर 75 लोगों के बैठने की जगह होगी ओर ऊपर के तल में भी 75 लोगों के बैठने की क्षमता रहेगी। शहरवासी ओर पर्यटक क्रूज में बैठकर सैर आनंद ले सकेंगे। क्रूज में कैंटीन सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

■ 150 लोगों के बैठने की क्षमता, जल्द मिलेगी सौगात



### 45 मिनट में पूरा करेगा एक राउंड

सौर ऊर्जा से चलने वाला डबल डेकर लक्जरी क्रूज पर्यावरण संरक्षण में काफी सहायक होगा। धीमी रफ्तर से 45 मिनट में क्रूज आनासागर झील का एक चक्कर पूरा करेगा। क्रूज का नीचे का हिस्सा वातानुकूलित होगा और ऊपर वाला हिस्सा खुला होगा। इसमें कैफिटेरिया और महिला-पुरुषों के लिए बायो टॉयलेट के साथ ही सुरक्षा के मानकों का पालन किया गया है। इसमें फायर फाइटिंग सिस्टम लगाए गए हैं। क्रूज के संचालन के दौरान इसके साथ आपात स्थिति से निपटने के लिए एक नाव भी चलेगी। यदि किसी को बीच में ही उतरना है अथवा अन्य कारण से किसी को क्रूज से बाहर जाना है तो इस नाव की मदद से उसे झील के किनारे लाया जा सकेगा।

### पर्यटकों के लिए रहेगा अनूठा अनुभव

इस क्रूज के द्वितीय तल पर रूफ टॉप के साथ कैप्टन की केबिन होगी। कैप्टन इसी केबिन से क्रूज का संचालन करेंगे। स्थानीय लोगों के साथ पर्यटक क्रूज के द्वितीय तल पर बैठकर झील के साथ प्रकृति का भी आनंद उठा सकेंगे। अजमेर आने वाले पर्यटकों के लिए यह अनूठा अनुभव रहेगा। अब तक केवल विदेशों में ही लोग क्रूज के सफर का लुत्फ उठाते थे, लेकिन अब राजस्थान आने वाले पर्यटकों को यहां भी यह सुविधा मिल सकेगी। इससे जिले के पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा तथा लोगों के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे।

---

**किरोड़ी मीणा बैठे धरने पर**

# अपहृत युवती पर हत्या के बाद तेजाब डाल कुएं में फेंका



बेधड़क | करौली

जिले में एक दलित युवती का अपहरण कर उसकी हत्या करने के बाद शव पर तेजाब डालने के बाद उसे कुएं में फेंकने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा धरने पर बैठ गए। उन्होंने युवती के साथ गैंगरेप होने की बात भी कही है।

सांसद ने मांग की है कि सरकार परिजनों को 50 लाख रुपए का मुआवजा, दोषियों की गिरफ्तारी सहित परिजनों को संविदा के आधार पर नौकरी दी जाए। इसके बाद ही शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। सांसद ने बताया कि जिले के बालघाट थाना क्षेत्र निवासी युवती गुरुवार तड़के घर से लापता हो गई थी। उसका शव नादौती उपखंड के भीलापाड़ा के एक कुएं में मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस प्रशासन के समझाइश करने में जुटे रहे। जानकारी के अनुसार आस-पास के ग्रामीण जब कुएं में पानी भरने गए तो उनको एक शव दिखाई दिया।

सोशल मीडिया के जरिए परिजनों को लापता बच्ची की जानकारी मिली। शव की शिनाख्त होने के बाद पुलिस हिंडौन अस्पताल की मोर्चरी मे पोस्टमार्टम कराया। सांसद किरोड़ी लाल मीणा हिंडौन जिला अस्पताल पहुंचे। वे परिजनों और ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार के राज में कोई भी बच्ची सुरक्षित नहीं है।

---

**एसीबी टीम ने आरोपी के ठिकानों पर** चलाया सर्च अभियान

# भ्रष्ट XEN के घर मिले 68 लाख

बेधड़क | चित्तौड़गढ़

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से चार लाख रुपए की रिश्वत लेते पकड़े गए सार्वजनिक निर्माण विभाग के एक्सईएन राजेन्द्र प्रसाद लखारा के आवास एवं ठिकानों की तलाशी गुरुवार ली गई। इसमें टीम को 68 लाख 71 हजार रुपए से अधिक की नकदी मिली है।



एसीबी के प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी अधिशासी अभियंता के आवास एवं ठिकानों की तलाशी में 68 लाख 71 हजार रुपए से अधिक की नकदी तथा करोड़ों रुपए कीमत की चल-अचल संपत्तियों के दस्तावेज मिले हैं। इसके अनुसार आरोपी के उदयपुर के रिहायशी मकान की तलाशी में 24 लाख 57 हजार रुपए नकद, नोट गिनने की मशीन, दस 10 भूखंड, दो आवासीय मकान, तीन कृषि भूमि एवं तीन चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहन तथा दो लॉकर होने की जानकारी मिली।

लॉकर की तलाशी में 42 लाख 84 हजार रुपए नकद तथा दूसरे में 14 लाख 81 हजार रुपए तथा सोने चांदी के आभूषण पाए गए। वहीं सरकारी आवास से 1.30 लाख रुपए नकद मिले हैं।

---

**मदनलाल सैनी मूर्ति अनावरण समारोह** में बोले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

# देशभक्त न कभी रुके हैं ना झुके हैं: जोशी

बेधड़क | सीकर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी गुरुवार को मदनलाल सैनी स्मृति स्थल, राधाकिशनपुरा पंचायत के पास सीकर में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष स्व. मदनलाल सैनी की मूर्ति अनावरण समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मदनलाल सैनी जनसंघ के जमाने से पार्टी के साथ जुड़े थे।



उन्होंने संगठन में सामान्य कार्यकर्ता से किसान मोर्चा में काम किया और प्रदेशाध्यक्ष भी रहे। जनप्रतिनिधि के रूप में विधायक और राज्यसभा के सदस्य रहे। उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि कितनी ही बड़ी सफलता ने उनका जमीन से जुड़ाव समाप्त नहीं किया। उन्होंने किसानों और मजदूरों के लिए संघर्ष किया। उनकी सादगी और संघर्ष के कायल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी रहे हैं।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि लोकसभा 2019 के चुनावों में जब मदनलाल सैनी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष थे तो राजस्थान की सभी सीटों से भाजपा को विजय प्राप्त हुई थी। जोशी ने कहा कि आज भी कुछ विपक्षी लोग हमारे विचारों के लिए कहते है कि बिल में घुस जाऐंगे। बिल में वे घुसेंगे जो राष्ट्र विरोधी हैं। देशभक्त न कभी रूके हैं ना झुके हैं, हमेशा आगे बढ़े हैं। देश की जनता ने उन्हे सिर माथे बैठाया है। कार्यक्रम में यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां, ओमप्रकाश माथुर, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, सीकर सांसद स्वामी सुमेधानन्द, भाजपा नेता एवं मदनलाल सैनी के सुपुत्र मनोज सैनी उपस्थित रहे।

---

**यात्री सुविधाओं में होगा विस्तार**

# 207 करोड़ की लागत से निखरेगा कोटा रेलवे स्टेशन

बेधड़क | कोटा

भारतीय रेलवे की ओर से देशभर के रेलवे स्टेशनों के सौन्दर्यीकरण के साथ ही उनमें यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश के कोटा रेलवे स्टेशन का भी सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। 207 करोड़ रुपए की लागत से रेलवे स्टेशन का स्वरूप निखारा जाएगा, वहीं यात्री सुविधाओं में भी विस्तार होगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय ने बताया कि कोटा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 207.63 करोड़ की लागत से किया जाएगा। इस कार्य को अप्रैल 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। स्टेशन के 6765 वर्गमीटर में 2 आगमन ब्लॉक एवं 1 प्रस्थान ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। स्टेशन पर वीआईपी लाउंज, वेटिंग रूम, फूड प्लाजा और क्योस्क जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाएंगी। मालवीय ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर 1 और 3 को जोड़ने की 2100 वर्गमीटर में कॉनकोर्स एरिया का निर्माण किया जाएगा। वहीं यात्रियों की सुविधा के लिए 8 लिफ्ट एवं 14 एस्केलेटर का प्रावधान किया गया है।



ये पूरा स्टेशन दिव्यांग फ्रेंड्ली होगा तथा पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। मालवीय ने बताया कि पर्यावरण सरंक्षण के लिए स्टेशन को ग्रीन बिल्डिंग के रूप में विकसित किया जाएगा।

वर्तमान में स्टेशन के पुनर्विकास के कार्य में सर्वे और सॉयल एक्स्प्लोरेशन का कार्य कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त बायो स्टेशन और इलेक्ट्रिक सबस्टेशन की फाउंडेशन, खुदाई और पीसीसी का कार्य भी किया जा रहा है। भविष्य में पुनर्विकसित कोटा स्टेशन विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगा और साथ क्षेत्र का आर्थिक विकास भी करेगा।

### स्टेशन भवन में ये सुविधाएं

फ्रंट साइड स्टेशन के भवन में भूतल पर प्रस्थान और आगमन ब्लॉक, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, क्लॉक रूम, वीआईपी लाउंज एवं कार्यालय रहेंगे। साथ ही मेजेनाइन फ्लोर में रिटायरिंग रूम, स्टोर रूम और कार्यालय रहेगा। पहली मंजिल में प्रतीक्षालय (सामान्य और महिला), डोरमेट्री, भोजनालय, बजट होटल, शिशु आहार कक्ष, कियोस्क आदि रहेंगे। इसी प्रकार रियर साइड स्टेशन भवन दो मंजिला का रहेगा।

### वर्तमान में यह कार्य चल रहे

कोटा रेलवे स्टेशन पर सौन्दर्यीकरण कार्यों के तहत वर्तमान में कम्युनिटी हॉल नींव की खुदाई और पीसीसी का काम पूरा हो चुका है। यहां पीलर खड़े करने का काम चल रहा है। वहीं रेलवे संस्थान नींव की खुदाई और पीसीसी के बाद कॉलम निर्माण, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन पीसीसी, रियर साईड स्टेशन नींव की खुदाई एवं पीसीसी कार्य, राफ्ट फुटिंग एवं कास्टिंग का काम प्रगति पर है।

---

# ऑक्सीजन मास्क में लगी आग से मरीज की मौत

बेधड़क | कोटा

कोटा के मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती एक मरीज की गुरुवार को उस समय मौत हो गई, जब उसके ऑक्सीजन मॉस्क में आग लग गई। परिजनों और ब्राह्मण समाज के लोगों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। जानकारी के अनुसार अनंतपुरा तालाब गांव निवासी वैभव शर्मा (30) को पिछले कई दिनों से पेट में दर्द की शिकायत थी।

डॉक्टरों ने उसकी आंतों में छेद बताकर उसे भर्ती करने को कहा। 6 जुलाई को वैभव को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करवा दिया। 10 जुलाई को ऑपरेशन के बाद उसे आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया। गुरुवार को डीसी शॉक देने के दौरान ऑक्सीजन मास्क में आग लगने से उसकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रूम के बाहर बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज एवं शिव सेना के लोग एकत्र हो गए। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम करवाने से भी इंकार कर दिया।



एसडीएम ने परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी, दोषी कर्मचारियों के खिलाफ जांच बोर्ड बिठाने एवं आश्रितों को मुआवजे की मांग को सीएम तक भेजने के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया।

**कॉम्पिटिशन: सुबोध पब्लिक स्कूल में बच्चों ने यूनीक थीम्स पर बनाए मॉडल**

# नन्हे वैज्ञानिकों ने दिया भविष्य की लॉजिकल कल्पना को आकार

बेधड़क | जयपुर

रामबाग चौराहा स्थित सुबोध पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को उड़ान देते हुए टेक्नोलॉजी और टॉयज से जुड़े मॉडल्स बनाकर अपना टैलेंट दिखाया। मौका था स्कूल में गुरुवार से शुरू हुई तीन दिवसीय वार्षिक मॉडल प्रतियोगिता का।

टेक्नोलोजी एण्ड टॉयज थीम पर आयोजित प्रतियोगिता में स्कूल कक्षा 3, 4 व 5 के बच्चों ने विभिन्न सब्जेक्ट्स पर मॉडल बनाकर प्रदर्शित किए।



प्रतियोगिता में छह सब थीम्स थीं जिनमें जियो साइंस आईटी इन वॅरियस सेक्टर्स, मैथ्स इन डेली लाइफ, बायो एनवायर्नमेंट, फिजिकल साइंस और कॉमर्स एंड ट्रेड शामिल थीं। पहले दिन लगभग 100 बच्चों ने 50 से ज्यादा मॉडल्स बनाए। स्कूल प्रिंसीपल कमलजीत यादव ने नन्हे वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित किया व उन्हें सर्टिफिकेट और मेडल प्रदान किए। शुक्रवार को कक्षा 6 से 8 के स्टूडेंट्स यूनिक थीम के साथ मॉडल प्रदर्शित करेंगे।



### टैलेंट दिखाया, संदेश दिए

स्टूडेंट्स ने कॉम्पीटिशन में 'पॉल्यूशन फ्री स्मार्ट सिटी: स्मार्ट सिटी बेटर एनवायर्नमेंट बेटर टुमारो यूज प्लास्टिक से नो टू प्लास्टिक' थीम पर मॉडल बनाकर भविष्य की स्मार्ट सिटी कल्पना को साकार किया। स्टूडेंट्स ने मॉडल्स के जरिए ड्रिप इरिगेशन, मिनी पेंसिल इमरजेंसी, लाइट सोलर ड्रिप इरिगेशन, सोलर हाइब्रिड कार, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट, सर्किट स्मोक अब्जॉर्बर, क्लाउड कंप्यूटिंग हेल्थ केयर प्रोग्राम, एटीएम मशीन मॉडल, सेफ्टी वॉरियर्स जैसे कई यूनिक आइडीयाज को साकार किया।



## Yuva स्टोरीज



**छात्राओं ने वृक्ष मित्र बन लिया पर्यावरण रक्षा का संकल्प |**

**जयपुर।** सामाजिक सरोकारों के क्रम में राजस्थान विश्वविद्यालय के लाइव लोंग लर्निंग विभाग की ओर से गुरुवार को टांटियावास गांव के महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पौधे लगाकर पर्यावरण चेतना पर संवाद का आयोजन किया गया। नई पीढ़ी को पेड़ों का महत्व बताने के लिए पौधारोपण स्कूल की छोटी बालिकाओं के हाथ से करवाया गया। साथ ही छात्राओं को वृक्ष मित्र बनाकर इन पौधों की लगातार सार संभाल का संकल्प दिलवाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच शैलेश बोरा, जालसू पंचायत समिति के प्रधान हरदेव यादव, रामपुरा डाबड़ी के पूर्व सरपंच, स्कूल के प्रधानाचार्य विष्णु कुमार, उपसरपंच नारायण लाल प्रजापत, समाजसेवी प्रभुराम, राम बिहारी, ग्राम पंचायत बरना सरपंच सीताराम सहित जालसू पंचायत समिति के सभी सरपंच, वार्ड पंच, ग्रामीण महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे। पौधारोपण के बाद पर्यावरण चेतना के संबंध में संवाद का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने अपने अनुभव के आधार पर पर्यावरण के संरक्षण के इतिहास के आधार पर उदाहरण देते हुए बताया की ऐतिहासिक रूप से पेड़ों को बचाने के लिए सैकड़ों महिलाओं ने अपना बलिदान दिया था। इससे छात्र-छात्राओं में प्रेरणा का संचार हुआ। इस दौरान छात्र छात्राओं को उनके अभिभावकों व खुद के जन्मदिन पर एक पौधा लगाने की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों व ग्रामीणों के लिए भोजन का भी आयोजन किया गया।

**सीएमए राकेश यादव बने रीजनल कॉन्सिल मेम्बर |**



**जयपुर।** द इन्स्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउन्टेन्ट्स ऑफ इंडिया के नॉर्थन इंडिया रीजनल कॉन्सिल के चुनाव में सीएमए राकेश यादव नॉर्थन रीजनल कॉन्सिल मेम्बर चुने गए हैं। यादव जयपुर चैप्टर के पूर्व चेयरमेन हैं। उन्होंने जयपुर चैप्टर में करीब 6 वर्षों तक विभिन्न दायित्वों पर रहते हुए टीम भावना के साथ कार्य किया। जयपुर चैप्टर के चेयरमेन हरेन्द्र कुमार पारीक ने बताया कि कई वर्ष बाद जयपुर चैप्टर के मेम्बर ने रीजनल कॉन्सिल में जीत हासिल की है। समस्त जयपुर चैप्टर टीम एवं सदस्यों ने यादव की जीत पर हर्ष व्यक्त किया। सीएमए राकेश यादव ने जीत का श्रेय सभी मेम्बर्स को देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।





**विदेश में मेडिकल स्टडी पर सेमिनार रविवार को |**

**जयपुर।** कजाख नेशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी के ओर से एमबीबीएस विदेश सेमिनार रविवार को गोपालपुरा बायपास स्थित होलीडे इन होटल में आयोजित की जाएगी। सेमिनार में यूनिवर्सिटी के डीन और वॉइस रेक्टर विदेश में मेडिकल स्टडी के लाभों पर चर्चा करेंगे। इसमें उपस्थित स्टूडेंट्स विविध स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों का अनुभव करने के लाभ और स्वास्थ्य व उपचारों के वैकल्पिक तरीकों के बारे में जानेंगे। इसके अलावा विदेश में अंग्रेजी में मेडिकल स्टडी करने के फायदों पर प्रकाश डाला जाएगा और एनएमसी के दिशा निर्देशों के बारे में बताया जाएगा। सेमिनार के आयोजक दिनेश आसोपा ने बताया कि सेमिनार में विदेश में चिकित्सा का अध्ययन करने के लिए प्रवेश प्रक्रिया और आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से समझाया जाएगा। उपस्थित लोगों को आवश्यक दस्तावेजों व आवेदन प्रक्रिया में शामिल चरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान कजाख नेशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी के डीन नूर्जमाल डी जे, वॉइस रेक्टर उबायदुल्लो डी एम, पीएसपी एजुकेशन के डायरेक्टर संजय चौधरी और सीनियर मैनेजर मोहित पुरी उपस्थित होंगे।

**अपॉर्च्युनिटी: प्रदेश के 6 शहरों में होगा आयोजन**

# युवाओं के यूनिक आईडिया को मंच देगा आईडियाथॉन

बेधड़क | जयपुर

अपने यूनिक आईडिया के साथ स्टार्टअप की दुनिया में आगे बढ़ने का सपना देखने वाले राजस्थान के स्कूल-कॉलेज स्टूडेंट्स के लिए अपने आईडिया को मंच देने का एक बड़ा मौका आया है।

प्रदेश सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड कम्युनिकेशन के तहत काम करने वाले आई स्टार्ट की ओर से युवा स्टार्टअप उत्सव 'आईडियाथॉन' लॉन्च किया गया है। इस प्रदेशस्तरीय इवेंट में युवाओं को अपने इनोवेटिव विचारों व बिजनेस माइंडसेट को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। इंक्यूबेटेड स्टार्टअप्स, स्टडीबेस, टिंकरली और कोडविद्या के सहयोग से आयोजित किए जा रहे आईडियाथॉन की लॉन्चिंग गुरुवार को हुई। इस दौरान डिपार्टमेंट ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड कम्युनिकेशन के संयुक्त सचिव आशीष गुप्ता ने कहा कि आज के युवाओं के पास ज्ञान की शक्ति है और वे वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने में सक्षम हैं। आईस्टार्ट आइडियाथॉन युवाओं के बीच नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण पहल है। इसके तहत आयोजनों की श्रृंखला 5 अगस्त से उदयपुर से शुरू होगी। जयपुर, बीकानेर, कोटा, जोधपुर और भरतपुर में भी आयोजन होंगे। भाग लेने के इच्छुक युवा https://ideathonrajasthan.in/ पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। आईडियाथॉन में सहयोगी के रूप में जुड़ रहे स्टडीबेस, टिंकरली और कोडविद्या युवाओं को सशक्त बनाने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।



### मिलेगा नेटवर्किंग का मौका

आईस्टार्ट आइडियाथॉन राजस्थान के युवाओं के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है, जो उन्हें अपने नवाचारी विचारों और उद्यमी भाव को प्रदर्शित करने का मौका देगा। आयोजन में छात्रों को उद्योग विशेषज्ञों, मेंटर्स और समान सोच वाले साथियों के साथ नेटवर्किंग का मौका मिलेगा और उनके अनुभवों का लाभ मिलेगा। आईडियाथॉन में भाग लेने वाले युवाओं को कुल 8.4 लाख रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे।

**दिसंबर में होना था एग्जाम, डॉक्टर्स कर रहे थे विरोध**

# NExT पर रोक, मेडिकल स्टूडेंट्स में खुशी

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने नेशनल एग्जिट टेस्ट (NExT) पर फिलहाल रोक लगा दी है जिससे देशभर के मेडिकल स्टूडेंट्स में खुशी का माहौल है।

देश भर के सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में इस साल फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स के डिग्री पास करने, आगे की पढ़ाई के लिए पीजी डिग्री या डिप्लोमा में एडमिशन और मेडिकल प्रैक्टिस के लिए जरूरी किए गए इस टेस्ट का देशभर में विरोध हो रहा था। इस परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (NMC) की ओर से एम्स दिल्ली द्वारा इस साल दिसंबर में करवाया जाना था। मॉक टेस्ट 28 जुलाई को प्रस्तावित था।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रायलय के टेस्ट पर रोक के निर्णय के बाद फेडरेशन ऑफ रेसिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन इंडिया ने ट्वीट कर कहा कि हम केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया को सही समय पर समस्या सुलझाने के लिए धन्यवाद देते हैं।

हमें उम्मीद है कि आगामी मसौदा सभी आईएमजी और एफएमजी छात्रों के लिए अधिक अनुकूल और तर्कसंगत होगा। गौरतलब है कि एमबीबीएस डिग्री क्वालिफाई करने के साथ-साथ प्रैक्टिस करने के लिए NExT को लागू किया गया था।

साथ ही पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री और डिप्लोमा कोर्सेस में एडमिशन के लिए नीट पीजी के बजाय NExT स्कोर को आधार माना जाना था। इसके अलावा ऐसे स्टूडेंट्स जो विदेशों से मेडिकल डिग्री लेकर भारत में प्रैक्टिस करना चाहते हैं, उनके लिए भी NExT परीक्षा कंप्लसरी थी।



**शिक्षा सचिव ने ली बैठक**

# MGGS में बाल वाटिकाओं का आदर्श मॉडल होगा तैयार

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों (एमजीजीएस) के तहत प्री-प्राइमरी क्लासेज के लिए संचालित बाल वाटिकाओं और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) का आदर्श मॉडल तैयार किया जाएगा।

इसे विकसित करने में राजस्थान एजुकेशन इनिशिएटिव (आरईआई) में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के साथ एमयोयू के तहत स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत आरईआई पार्टनर्स सहयोग करेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने गुरुवार को आयोजित समीक्षा बैठक में आरईआई संस्थाओं के प्रतिनिधियों से इस बारे में विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि आरईआई पार्टनर्स जिन क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं, उनमें गेप्स का विश्लेषण कर उनको दूर करने में प्रभावी भूमिका निभाएं। कई पार्टनर्स ऐसे हैं जो स्कूलों में लाईब्रेरीज के विकास के मॉड्यूल के साथ फील्ड में अपने प्रोग्राम चला रहे हैं, ऐसे समान उद्देश्यों वाले संस्थान आपस में भी समन्वय रखें।

जैन ने स्कूलों के पुस्तकालयों व प्रदेश के 47 राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालयों के अपग्रेडेशन में अपने मॉड्यूल और तकनीक साझा करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षाविद और रिटायर्ड आईएएस प्रदीप कुमार बोरड़ ने सामुदायिक बाल सभाओं के नवाचार और प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के बारे में अपने विचार साझा किए। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद अधिकारियों के अलावा यूनाईटेड नेशंस पॉपूलेशन फंड, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया, आईपीई ग्लोबल, रामकृष्ण मिशन, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और सम्पर्क फाउंडेशन जैसे अन्य आरईआई पार्टनर प्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए।

### कम्युनिटी अवेयरनेस पर करें फोकस

शासन सचिव ने कहा कि आरईआई पार्टनर्स आने वाले समय में अपनी विशिष्ट सेवाओं के साथ ही शैक्षिक नवाचारों, टीचर्स ट्रेनिंग, क्वालिटी एजूकेशन, बालिका सुरक्षा एवं बालिका शिक्षा जैसे अहम विषयों पर अधिक सक्रियता से अपना योगदान दे सकते हैं। जैन ने संस्था प्रतिनिधियों को कम्यूनिटी अवेयरनेस, वोकेशनल एजुकेशन और कॅरियर काउंसलिंग जैसे विषयों पर भी फोकस करने को कहा। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से 'नो बैग डे' के नवचार के तहत गतिविधियों का विशेष कैलेंडर बनाया जा रहा है, इसे भी आरईआई पार्टनर्स के साथ साझा किया जाएगा।

**इनीशिएटिव | आईटीआर से जुड़े भ्रम दूर करने को आईसीएआई की पहल**

# आम करदाता की शंकाएं दूर करेगा 'टैक्स क्लीनिक'

बेधड़क | जयपुर

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की ओर से आम करदाताओं की सहायता के लिए गुरुवार को 'टैक्स क्लीनिक' की शुरूआत की गई।

दो दिवसीय टैक्स क्लीनिक में करदाताओं के आयकर रिटर्न दाखिल करने से संबंधित प्रश्नों का समाधान किया गया व उन्हें टैक्सेशन के विभिन्न टर्म्स के प्रति जागरूक किया गया।

टैक्स क्लीनिक का आयोजन एक साथ आईसीएआई की 168 शाखाओं और 5 क्षेत्रीय परिषदों में किया जा रहा है। जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए विष्णु अग्रवाल ने बताया कि टैक्स क्लीनिक का उद्देश्य करदाताओं और आम आदमी के बीच आय की रिटर्न दाखिल करने व कर अनुपालन के बारे में जागरूकता पैदा करके भारत को वित्तीय रूप से जागरूक कर सशक्त बनाना है। टैक्स क्लिनिक न केवल करदाताओं की कानून की जटिलताओं को समझने में सहायता करेंगे, बल्कि आयकर रिटर्न दाखिल करने के महत्व के बारे में जनता के बीच जागरूकता भी बढ़ाएंगे और देश के करदाताओं का आधार बढ़ाएंगे।




### ITR भरने की नहीं मिलेगी सुविधा

जयपुर शाखा सचिव सीए अंकुर गुप्ता ने बताया कि जयपुर के टैक्स क्लिनिक का आयोजन आईसीएआई की जयपुर शाखा परिसर में सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है। शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर इनकम टैक्स प्रशांत भूषण मौजूद रहेंगे। टैक्स क्लीनिक में प्रत्यक्ष कर विशेषज्ञ सीए अमित गुरनानी एवं सीए विपुल मंड़ासीवाला ने करदाताओं की समस्याओं को सुनेंगे और नि:शुल्क परामर्श देंगे। टैक्स क्लिनिक में आईटीआर नहीं भरी जाएगी लेकिन इससे जुड़ी तमाम जानकारियां और आईटीआर के ई-फाइलिंग से संबंधित प्रश्नो के समाधान के लिए आम करदाता का मार्गदर्शन किया जाएगा और ई-फाइलिंग से संबंधित प्रश्नों को हल करने में आम जनता की सहायता की जाएगी।

**जल प्रलय: गलत योजनाओं और भ्रष्टाचार की सजा**

# प्रकृति नहीं... हम हैं जिम्मेदार



निर्मल रानी
स्वतंत्र लेखिका

इस समय उत्तर भारत के दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान जैसे राज्य व केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ लगातार कई दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश की वजह से अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहे हैं। कई राज्यों में तो जल प्रलय जैसी स्थिति बनी हुई है। सैकड़ों लोग बाढ़, भूस्खलन की भेंट चढ़ चुके हैं। हजारों गांव पूरी तरह डूबे पड़े हैं। दर्जनों पुल ध्वस्त हो चुके हैं अनेक तटबंध टूट चुके हैं, दर्जनों राजमार्ग या तो बाढ़ के कारण कट चुके हैं या कई जगह जनता ने पानी निकालने के लिये स्वयं काट दिये हैं। न जाने कितने मकान होटल ,व्यवसायिक केंद्र विभिन्न राज्यों में बह गये या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये हैं। यह हालात इस समय उपरोक्त राज्यों में विशेषकर हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ जैसे देश के विकसित व संपन्न राज्यों में देखने को मिल रहे हैं। तमाम ट्रेन स्थगित हैं, मार्ग अवरुद्ध हो जाने के कारण अनेक रूटस की बस सेवाएं रद्द कर दी गयी हैं। तमाम जगहों पर तेज जल प्रवाह के चलते गाड़ियां बह गयीं। लोगों के घरों के अंदर पानी प्रवेश कर गया। यहां तक कि तमाम बहु मंज़िला इमारतों की निचली मंजिल तक डूब गयी। विभिन्न राज्यों में स्कूल कॉलेज अनिश्चितकाल के लिये बंद कर दिये गए। मौसम विशेषज्ञों द्वारा बताया जा रहा है कि जहां इस भीषण वर्षा का कारण पहाड़ों पर वेस्टर्न डिस्टरबेंस है वहीं पंजाब और हरियाणा में साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी इसका मुख्य कारण है। अत्यधिक मानसून ट्रफ मध्य भारत से चलकर पंजाब हरियाणा की ओर आया है। तबाही का अभूतपूर्व दृश्य इस समय देखा जा रहा है। और आधुनिक संसाधनों पर अपना नियंत्रण रखने वाले करोड़ों लोग इस समय इस विपदा के आगे बेबस और लाचार नजर आ रहे हैं। निःसंदेह इस तबाही का असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा।

> *“जहां इस भीषण वर्षा का कारण पहाड़ों पर वेस्टर्न डिस्टरबेंस है वहीं पंजाब और हरियाणा में साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी इसका मुख्य कारण है। अत्यधिक मानसून ट्रफ मध्य भारत से चलकर पंजाब हरियाणा की ओर आया है। तबाही का अभूतपूर्व दृश्य इस समय देखा जा रहा है। और आधुनिक संसाधनों पर अपना नियंत्रण रखने वाले करोड़ों लोग इस समय इस विपदा के आगे बेबस और लाचार नजर आ रहे हैं। निःसंदेह इस तबाही का असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा।”*

परन्तु लगभग प्रत्येक वर्ष देश के किसी न किसी राज्य व क्षेत्र में वर्षा के दौरान होने वाले जल प्रलय व बाढ़ के बाद इस बार भी यह सवाल कुछ अधिक ऊंचे स्वर में पूछा जाने लगा है कि इस तबाही की जिम्मेदार क्या केवल प्रकृति ही है ? या फिर सरकार की गलत योजनायें और व्यवस्था में व्याप्त आकंठ भ्रष्टाचार भी इसके लिये जिम्मेदार है ? उदाहरण के तौर पर देश में असम और बिहार जैसे राज्यों की गिनती निश्चित रूप से सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित राज्यों में की जाती है। असम और बिहार की भौगोलिक स्थिति भी ऐसी है कि नदी प्रधान इन राज्यों में लगभग प्रत्येक वर्ष बाढ़ आती ही रहती है। हजारों करोड़ रुपये सरकारों द्वारा नदियों के तटबंधों के निर्माण पर खर्च किये जाते हैं। परन्तु नदियों का जलस्तर बढ़ते ही इनमें से तमाम तटबंध टूट जाते हैं और उसी जल प्रवाह में बह जाते हैं। इसी तटबंध के निर्माण के नाम पर एक बड़ा घोटाला दशकों से नेताओं, अधिकारियों व ठेकेदारों की सांठ गांठ से होता आ रहा है। इसी तरह यह सवाल भी पूछा जाता है कि नदियों पर निर्मित नये पुल या कुछ वर्षों पूर्व बनाये गये वे पुल आखिर क्यों बह जाते हैं जिन्हें ढोल पीटकर धार्मिक विधि विधान के साथ 'मंत्रियों के करकमलों' से उद्घाटित किया जाता है ? जबकि देश में हजारों ऐसे पुल अभी भी मौजूद हैं जो अठारवीं शताब्दी में अंग्रेजों के द्वारा बनाये गए हैं?

> *जल प्रलय वाले तमाम इलाकों में अधिकांश रेल व भूमिगत अंडर पास पूरी तरह डूबे पड़े हैं। क्या जल भराव के कारण बंद पड़े ऐसे अंडर पास के योजनाकारों से यह सवाल नहीं पूछा जाना चाहिये कि यह अंडर पास जल भराव से सुरक्षित क्यों नहीं रह पाते? गौरतलब है कि वर्षा ऋतु के अतिरिक्त भी देश के तमाम भूमिगत मार्ग सिर्फ इसलिये भरे रहते हैं क्योंकि या तो जमीन के नीचे से जलस्राव होता रहता है या फिर इनमें पानी की निकासी का समुचित प्रबंध नहीं किया गया है।*

आज जल प्रलय वाले तमाम इलाकों में अधिकांश रेल व भूमिगत अंडर पास पूरी तरह डूबे पड़े हैं। क्या जल भराव के कारण बंद पड़े ऐसे अंडर पास के योजनाकारों से यह सवाल नहीं पूछा जाना चाहिये कि यह अंडर पास जल भराव से सुरक्षित क्यों नहीं रह पाते? गौरतलब है कि वर्षा ऋतु के अतिरिक्त भी देश के तमाम भूमिगत मार्ग सिर्फ इसलिये भरे रहते हैं क्योंकि या तो जमीन के नीचे से जलस्राव होता रहता है या फिर इनमें पानी की निकासी का समुचित प्रबंध नहीं किया गया है। ऐसे अंडरपास पर खर्च किये गये जनता के पैसों की बर्बादी का कौन जिम्मेदार है? आज अनेक राजमार्ग व बाइपास जनता को या तो काटने पड़े या स्वयं बह गये। दोनों ही स्थिति में जिम्मेदारी सरकार और योजनाकारों की ही है। ऐसे मार्गों का निर्माण करते समय मार्ग के दोनों तरफ की जल निकासी की व्यवस्था योजनाकारों को करनी चाहिये ताकि अतिरिक्त जल की निकासी दूसरी तरफ हो सके। परन्तु ऐसा न होने की स्थिति में ही बाढ़ से डूबने वाले मार्ग भ्रष्टाचार की छाया में निर्मित होने के चलते स्वयं बह जाते हैं और जहां गलत योजनाओं के चलते समुचित जल निकासी नहीं हो पाती वहां इलाके के लोग अपने घर गांव व आबादी को बचाने के लिये स्वयं काट देते हैं।

इसी तरह शहरी इलाकों में यहां तक कि दिल्ली व गुड़गांव जैसे महानगरों तक में, जहां की जनता भारी टैक्स देती है और देश को आधुनिकता की ओर ले जाने में जिसका जबरदस्त योगदान है, वहां के भी अनेक भूमिगत पास जलमग्न हैं। यहां तक कि कुछ समय पूर्व ही जनता को समर्पित किया गया दिल्ली के प्रगति मैदान का अंडरपास जल भराव का शिकार है। सैकड़ों आधुनिक सोसाइटीज डूबी पड़ी हैं। शहर या सोसायटी बसाने से पहले जल निकासी की योजना पहले बनानी होती है। योजना में इस बात का ध्यान रखा जाता है कि किस क्षेत्र में अधिक जलभराव होता है और कौन से क्षेत्र निचले स्तर के हैं। और साथ ही यह भी कि इन क्षेत्रों से जल निकासी का मार्ग क्या रखना है? ऐसे ड्रेनेज सिस्टम प्लान के मद्देनजर योजनायें बनाई जाती हैं। परन्तु इस तरह की विस्तृत योजना ईमानदारी से लागू ही नहीं की जाती। अगर शहर के पानी के निकासी के सिस्टम को ठीक से लागू कर दिया जाए तो शहर में पानी जमा होने की 70 से 80 प्रतिशत समस्या समाप्त हो सकती है। शहरों में बाढ़ आने का कारण नदी-नालों के किनारे अनाधिकृत बस्तियों का बसना और ड्रैनेज सिस्टम पर जरूरत से ज्यादा दबाव पड़ना भी है। जाहिर है गलत योजनाएं और भ्रष्टाचार ही इसके प्रमुख कारण हैं। इसी तरह प्रत्येक शहरों में स्थानीय निकायों द्वारा नालों व नालियों के निर्माण व उनकी मरम्मत के नाम पर प्रत्येक वर्ष जनता के टैक्स के करोड़ों रुपये खर्च किये जाते हैं। परन्तु इसके बावजूद जल निकासी बाधित रहती है। नाले भर जाते हैं या टूट फूट जाते हैं। इनमें घास फूस जम जाती हैं। बेशक ऐसे नालों के जाम होने में जनता भी जिम्मेदार है जो बोतलें, प्लास्टिक, पॉलीथिन और दुनिया भर के कबाड़ नालों व नालियों में बहाती रहती है। परन्तु इन नालों व नालियों का समुचित मजबूत निर्माण व नियमित सफाई का न हो पाना भी इसके लिये जिम्मेदार है।

प्रकृति के प्रकोप का सामना कर पाना निश्चित रूप से मानवीय शक्ति के बूते की बात नहीं परन्तु यह भी स्वीकार करना ही पड़ेगा कि हम भारत को न्यू इण्डिया बनाने या विश्व गुरु बनाने का झूठा ढोल चाहे जितना पीटते रहें कि परन्तु इस जल प्रलय के लिये केवल प्रकृति ही नहीं बल्कि योजनाओं का सही ढंग से न बनाया जाना और घोर भ्रष्टाचार भी इसके लिये अधिक जिम्मेदार है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**



**व्यंग्य**

# छोड़कर न जाओ दिल अभी भरा नहीं



प्रभुनाथ शुक्ल
व्यंग्यकार

रसोई से मुझे कुछ गुनगुनाने की आवाज आ रही थी। मैं सुनने की कोशिश कर रहा था। अंदर श्रीमती जी साठ के दशक का गीत... मुझे न जाओ छोड़ कर दिल अभी भरा नहीं गुनगुना रही थीं। गीत को सुनकर माथा ठनक गया। मैं कुछ समझ नहीं पा रहा था कि यह क्या हो रहा है। पचपन की उमर में बचपन का खेल कहां से चल रहा है। हम दोनों के बीच तीसरा कौन आ गया। मेरे पांव के की जमीन खिसक गई। मेरी हालत दिल फिल्म के नायक बेचारे सलमान की तरह हो गई। मुझे नींद न आए मुझे चैन न आए...।

मैं चोरी-चोरी चुपके-चुपके पत्नी को रसोई में यह सब करते देख रहा था। अंदर का दृश्य देखर मैं बेहोश हो गया। पत्नी जी हथेलियों में एक खूबसूरत चमकदार लाल टमाटर लेकर उससे प्यार जता रहीं थीं और साथ में यह गीत भी गुनगुना रहीं थीं। ...मुझे न आओ छोड़ कर दिल अभी भरा नहीं। उस बेचारे टमाटर को न सब्जी में डालना चाहती थीं और ना हरी धनिया के साथ अदरक की चटनी बनाना चाहती थीं। क्योंकि टमाटर की महंगाई ने उनकी रसोई का जायका बिगाड़ दिया था। जबकि चटनी उन्हें बेइंतहा पसंद है। महंगाई की वजह से वह टमाटर को खुद से अलग नहीं करना चाहती थीं। जितना टमाटर से प्यार कर रहीं थीं उतना तो कभी बच्चों से भी प्यार करते नहीं देखा। फिर वहीं गीत गनगुनाने लगीं... जनम-जनम का साथ है हमारा तुम्हारा।

टमाटर से पत्नी जी बेइंतहा प्यार करती हैं। क्योंकि टमाटर बगैर उनकी रसोई का कोई मतलब ही नहीं निकलता। इतनी महंगाई के बावजूद भी टमाटर से उनका इतना लगाव है कि उसे खरीदे बगैर नहीं रह सकती। यह दीगर बात है कि पहले जहां दो से तीन किलो खरीदती थीं अब पाव किलो लाती हैं। टमाटर की सुरक्षा के लिए उन्होंने बाउंसर नहीं तैनात किया है। लेकिन उसकी हिफाजत में कोई कोर कसर नहीं रखी है। फ्रिज में उसे रखने के बजाय अलमारी के लॉकर में रखा है। तीन चाबी लगाने के बाद वह टमाटर निकालती हैं।

धर्मपत्नी जी का जब भोजन बनाने का वक्त होता है तो आलमारी के पास पहुंच लॉकर खोलती हैं। फिर उसमें रखे टमाटर को निकाल कर उसे देखती हैं। टमाटर के स्वाद और सुगंध का मानसिक अनुभव करते हुए रसोई में जाकर फिर खाना बनाती है। जिसका असर यह होता है कि पूरे खाने में टमाटर की महक और स्वाद अपने आप मिलने लगती है। पत्नी जी का यह मनोवैज्ञानिक तरीका हमें खूब भाने लगा है। टमाटर की महंगाई ने इतना असर किया है कि अब लोगों के जीने का तौर-तरीका भी बदल गया है। सरकारी कार्यालयों में घुसखोर बाबू अब नगद कैश की बजाय लोगों से पांच किलो टमाटर की मांग करने लगे हैं। क्योंकि अब नगद से अधिक टमाटर लेने में उनका फायदा है।

प्रिय पत्नी जी का टमाटर प्रेम देखकर मुझसे नहीं रहा गया और मैं सीधे किचन में घुस गया। अरे भाग्यवान, इ सब क्या हो रहा है। अब तक तो हम कुछ दूसरा ही समझ रहे थे कि तुम्हें इस उमर में यह कैसा प्रेमरोग लगा। तुम्हारे गीत ने तो मेरे होश उड़ा गए थे। किचन में प्रवेश कर मुझे कुछ शांति मिली। नहीं तो हमारी हालात तो उस बेचारे की तरह हो गई थी जिसकी अधिकारी पत्नी दूसरे के प्यार में घिर गई। तुम्हारे गानों को सुनकर मुझे यही लगा कि मामला गड़बड़ है, लेकिन बेचारे टमाटर ने सब कुछ संभाल लिया। हम टमाटर के शुक्रगुजार हैं जिसने मेरा घर उजाड़ने से बचा लिया।




**अरविंद केजरीवाल,** मुख्यमंत्री दिल्ली
@ArvindKejriwal
यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने से कई वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद करने पड़े हैं। यमुना किनारे बने वजीराबाद वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का मैंने खुद दौरा किया। जैसे ही स्थिति यहां सामान्य होगी हम इसे जल्द शुरू करेंगे।



**वसुंधरा राजे,** पूर्व मुख्यमंत्री
@vasundhararajebjp
भरतपुर में पुलिस कस्टडी में ले जाए जा रहे गैंगस्टर कुलदीप जघीना हत्याकांड से कांग्रेस सरकार के जंगलराज में एक और अध्याय जुड़ गया है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
शरीर व्यक्तिगत है. मन व्यक्तिगत है. लेकिन चेतना व्यक्तिगत नहीं हो सकती; यह सर्व-समावेशी है।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
आपको बस यह पता लगाने की जरूरत है कि आप कौन हैं। अन्य सभी उत्तर इंटरनेट पर मिल जाएंगे।



**जया किशोरी (वक्ता),** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
अगर जिंदगी को खुशहाल बनाना चाहते हो तो अपने विचारों को चुनना सीखो ।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
किसी की मदद करने लायक हैं तो अवश्य कीजिए, क्योंकि इस संसार में हम धन नहीं कर्म कमाने आए हैं

**नॉलेज कॉर्नर: पर्यटक दायरे में रहकर ही देख सकते हैं यह झरना**

# दर्दनाक अतीत से जुड़ा 'पाताले छांगो'

मानसून के मौसम में हर किसी को भ्रमण करने का शौक होता है। यह ऐसा मौसम है जिसमें पर्यटक ऊंचे-ऊंचे पहाड़, झील और झरने देखने के इच्छुक होते हैं। मानसून का नाम सुनते ही जैसे हमारे मन में एक अलग ही तरंग का प्रवाह होता है। इसलिए विदेशी लोग भी इसी समय सबसे ज्यादा यात्रा पर निकलते हैं। लेकिन वहीं अगर कोई आपसे कहे कि, फलां-फलां जगह को सीमित दायरे में रहकर ही देखना होगा, तो शायद यह बात कुछ लोगों को हजम न हो। मगर आज के कॉर्नर में हम जिसकी बात कर रहे हैं, वह एक ऐसी जगह है, जिसे पर्यटक अपनी इच्छा के अनुसार नहीं बल्कि कुछ नियमों के मुताबिक ही देख सकता है। आखिर ऐसा क्यों, यह जानना भी बेहद रोचक होगा। इस जगह का नाम है देवी झरना, जिसे डेविस फॉल भी कहा जाता है।

## बेटी की याद में पिता ने रखा नाम

इस झरने का नाम पहले पाताले छांगो था, जिसका शाब्दिक अर्थ होता है पाताल को चांगो यानि 'अंडरवर्ल्ड का झरना' है। लेकिन बाद में एक पिता ने अपनी बेटी की याद में इसका नाम बदलकर "डेविड्स फॉल्स" कर दिया, जो कि बाद में 'देवीज फॉल्स' में बदल गया। दरअसल 31 जुलाई 1961 को एक स्विस कपल इस झरने को देखने आया था। लेकिन तैराकी के समय पानी अधिक होने के कारण स्विस महिला झरने में डूब गई। इस महिला का शव तीन दिन की बड़ी मशक्कत के बाद फुसरे नदी से बरामद किया गया था। इस घटना के बाद से झरने के आस-पास लोहे की जालियां लगा दी गईं। भविष्य में ऐसी घटना वापस न हो, इसलिए पर्यटक इन्हीं जालियों के दायरे में रहकर इस झरने को देखते हैं। यह नेपाल में सबसे अधिक देखी जाने वाली जगहों में से एक है।



## इस देश में है यह

देवी झरना, जिसे डेविस फॉल भी कहा जाता है। यह नेपाल के पोखरा शहर की खूबसूरत जगहों में से एक है। इसे नेपाली भाषा में 'पाताले छांगो' कहा जाता है। जिसे 'अंडरवर्ल्ड फॉल' भी कहते हैं। यह कास्की जिले के पोखरा में गुप्तेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित एक झरना है। इसका आधा हिस्सा गुप्तेश्वर गुफा से भी दिखाई देता है। जिसका पानी नीचे पहुंचकर एक गहरी सुरंग बनाता है। यह सुरंग लगभग 500 फीट यानी 150 मीटर लंबी है। यह जमीनी स्तर से 100 फीट नीचे है। इस झरने का अतीत जितना दर्दनाक है, उतना ही यह खूबसूरत है। यही कारण है कि दूर-दराज से भी पर्यटक इस झरने का लुत्फ उठाने आते हैं।

## पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र

*देवी झरना न सिर्फ स्थानीय लोगों के लिए बल्कि अन्य पर्यटकों के लिए भी एक आकर्षण का केंद्र है। झरने के पास ही एक तालाब भी बना हुआ है, जिसका नाम है भाग्य तालाब। पर्यटक इस भाग्य तालाब पर सिक्का फेंककर अपनी किस्मत आजमाते हैं।*

*कंटेंट: सुप्रिया सरकार*

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने वरिष्ठ नेताओं से की मीटिंग:** पदयात्रा में शामिल होंगे राहुल और प्रियंका भी

# ‘अग्निपथ’ योजना के खिलाफ उत्तराखंड में कांग्रेस निकालेगी पदयात्रा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी की उत्तराखंड इकाई के वरिष्ठ नेताओं के साथ गुरुवार को बैठक की। इसमें यह फैसला किया गया कि पार्टी सेना में भर्ती से जुड़ी ‘अग्निपथ’ योजना के खिलाफ पूरे राज्य में पदयात्रा निकालेगी।

कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा भी इस पदयात्रा का हिस्सा बनेंगे। पार्टी मुख्यालय में हुई इस बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण महारा, प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव और कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। बैठक के बाद खरगे ने ट्वीट किया ‘देवभूमि उत्तराखंड राज्य आज नई चुनौतियों से जूझ रहा है। राज्य में हमारे नेता व कार्यकर्त्ता एक प्रबल विपक्ष की भूमिका निभा, भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि उत्तराखंड में सब लोग मिलजुल कर रहें और राज्य को प्रगति की ओर ले जाएं।



### पदयात्रा के माध्यम से जनता से संवाद स्थापित करेगी कांग्रेस

राहुल गांधी ने फेसबुक पोस्ट में कहा कि कांग्रेस पार्टी उत्तराखंड के युवाओं के लिए अग्निपथ योजना जैसे अन्याय और महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के खिलाफ आवाज उठाएगी और राज्य में पदयात्रा के माध्यम से जनता से संवाद स्थापित करेगी। उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव ने संवाददाताओं से कहा कि बैठक में आगामी रणनीति तैयार की गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण माहरा ने कहा कि पदयात्रा में राहुल गांधी करीब 10 दिन इस यात्रा में शामिल होंगे। प्रियंका गांधी भी यात्रा में शामिल होंगी।

### राहुल जैसे नेता होंगे तो तर्क शक्ति में आएगी गिरावट: भाजपा

कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार पर प्रचार के लिए संसद द्वारा विभिन्न मंत्रालयों को आवंटित 40 प्रतिशत धन हड़पने का आरोप लगाए जाने के बाद भाजपा ने कहा कि यह स्वाभाविक है कि जब राहुल गांधी देश की सबसे पुरानी पार्टी की कमान संभालेंगे तो उसके नेताओं की ‘तर्क शक्ति और सामान्य समझ में गिरावट’ आएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के आरोपों का जवाब देते हुए भाजपा के सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने एक ट्वीट में कहा कि सीबीसी मीडिया रणनीति पर सरकार के लिए एक सलाहकार निकाय के रूप में कार्य करता है और इसका उद्देश्य सरकार को ‘लोगों के सशक्तीकरण के सूत्रधार’ के रूप में चमकाना है।

### वैज्ञानिक अनुसंधान को खत्म करने पर आमादा है सरकार: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मौजूदा वित्त वर्ष के लिए प्रमुख अनुसंधान संस्थानों के वैज्ञानिकों को राशि का आवंटन नहीं होने से जुड़ी एक खबर का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश में वैज्ञानिक अनुसंधान को खत्म करने पर आमादा है। उन्होंने जिस खबर का हवाला दिया उसमें दावा किया गया है कि प्रमुख अनुसंधान संस्थानों के वैज्ञानिक केंद्रीय एजेंसियों से मिलने वाले पैसे का इंतजार कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि वैज्ञानिक अपने अनुसंधान को जारी रखने के लिए अपनी गाढ़ी कमाई को लगाने के लिए मजबूर हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कटाक्ष करते हुए कहा, ‘प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भले ही ‘जय विज्ञान, जय अनुसंधान’ की बात करें, लेकिन उनकी सरकार का इरादा ‘पराजय विज्ञान, पराजय अनुसंधान’ है।’

## महिला ने जजपा विधायक को ‘थप्पड़’ मारा

**कैथल (हरियाणा)।** हरियाणा में एक महिला ने जननायक जनता पार्टी (जजपा) के विधायक ईश्वर सिंह को उस समय कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया, जब वह अपने निर्वाचन क्षेत्र गहुला में बाढ़ की स्थिति का जायजा ले रहे थे। इस कथित घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हो रहा है। जजपा हरियाणा में भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है। महिला घग्गर नदी का जलस्तर बढ़ने से निर्वाचन क्षेत्र के भाटिया गांव में बाढ़ की स्थिति पैदा होने से जाहिर तौर पर नाराज थी। सिंह ने बताया कि वह स्थिति का जायजा लेने गए थे, लेकिन छोटा बांध टूटने के कारण गांव में जलभराव से नाराज महिला और कुछ अन्य लोगों ने उन पर हमला कर दिया। सिंह ने कहा कि वह महिला के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं चाहते हैं।

## पूर्व लोकसभा सांसद कल्याण जैन का निधन



**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और इंदौर के पूर्व लोकसभा सांसद कल्याण जैन का गुरुवार को 88 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके एक रिश्तेदार ने बताया कि जैन पिछले कुछ दिनों से निमोनिया से पीड़ित थे। उन्होंने अपने इंदौर स्थित घर में आखिरी सांस ली। जैन ने भारतीय लोक दल के टिकट पर वर्ष 1977 में इंदौर क्षेत्र से लोकसभा चुनाव जीता था। बाद में वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने इंदौर दौरे में 13 अप्रैल को जैन के घर जाकर उनसे मुलाकात की थी।

**अदालत ने 14 अन्य को भी दिया दोषी करार**

# गुजरात के पूर्व मंत्री विपुल को सात साल की जेल

**एजेंसी** | मेहसाणा (गुजरात)

मेहसाणा की एक अदालत ने गुजरात के पूर्व मंत्री और ‘दूधसागर डेयरी’ के पूर्व अध्यक्ष विपुल चौधरी को धोखाधड़ी के मामले में सात साल कैद की सजा सुनाई। चौधरी पर आरोप था कि उन्होंने उचित प्रक्रियाओं का पालन किए बिना महाराष्ट्र को पशुचारा आपूर्ति करके 2014 में डेयरी को 22.5 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया था। मेहसाणा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड को ‘दूधसागर’ डेयरी के नाम से जाना जाता है।

चौधरी गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। जीसीएमएमएफ अमूल ब्रांड का मालिक है। मेहसाणा के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वाई आर अग्रवाल ने चौधरी और 14 अन्य को भारतीय दंड संहिता की धारा 420 के तहत धोखाधड़ी के लिए दोषी ठहराया और सात साल की जेल की सजा सुनाई। गुजरात के सहकारी क्षेत्र का एक प्रमुख चेहरा चौधरी 1996 में शंकरसिंह वाघेला सरकार में मंत्री थे। अदालत ने 15 आरोपियों को आईपीसी की धारा 406 (विश्वास का उल्लंघन), 465 (जालसाजी) और 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी) के तहत दोषी ठहराया और उन्हें एक से चार साल तक की जेल की सजा सुनाई। चौधरी और अन्य के खिलाफ मेहसाणा ‘बी’ डिवीजन पुलिस स्टेशन में 2014 में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी, उस वक्त वह दूधसागर डेयरी के साथ-साथ जीसीएमएमएफ के अध्यक्ष थे। पशुचारा खरीद में कथित भ्रष्टाचार को लेकर उन्हें जीसीएमएमएफ और दूधसागर डेयरी दोनों जगह से बर्खास्त कर दिया गया था।



### डेयरी को पहुंचाया था 22.5 करोड़ का नुकसान

डेयरी अध्यक्ष के तौर पर चौधरी ने 2014 में सूखा प्रभावित महाराष्ट्र में मवेशियों का चारा भेजने का फैसला लिया था। राज्य सरकार ने, हालांकि आरोप लगाया था कि 22.5 करोड़ रुपए का पशु चारा भेजने का निर्णय डेयरी की बोर्ड बैठक में कोई प्रस्ताव लाए बिना या कोई निविदा जारी किए बिना लिया गया था। जिन अन्य आरोपियों को सात साल की सजा सुनाई गई है उनमें दूधसागर डेयरी के पूर्व बोर्ड सदस्य, इसके पूर्व उपाध्यक्ष जलाबेन ठाकोर और पूर्व प्रबंध निदेशक निशिथ बख्शी शामिल हैं।

### सागरदाना स्कैम में 16 सितंबर, 2022 को किया था गिरफ्तार

मेहसाणा पुलिस द्वारा दर्ज सागरदाना स्कैम के जजमेंट के अलावा चौधरी के खिलाफ अन्य मामलों की जांच गुजरात एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) कर रहा है। विपुल चौधरी के भ्रष्टाचार की जांच के लिए मौजूदा एसीबी डायरेक्टर अनुपम सिंह गेहलोत ने एक DIG रैंक के अधिकारी की अध्यक्षता में एसआईटी बनाई है। इसमें एक डीएसपी और 3 पुलिस इंस्पेक्टर शामिल हैं। विपुल चौधरी को इन्हीं मामलों में ACB ने 16 सितंबर 2022 को गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई थी, लेकिन इस फैसले के बाद विपुल चौधरी की मुश्किलें बढ़ जाएंगी।

### पूर्व CM के करीबी हैं विपुल चौधरी

गुजरात के गृह मंत्री रह चुके विपुल चौधरी पूर्व मुख्यमंत्री शंकर सिंह वाघेला के करीबी माने जाते हैं। 55 साल के विपुल चौधरी गुजरात डेयरी राजनीति के बड़े और महत्वपूर्ण चेहरों में शामिल हैं। साथ ही उत्तर गुजरात में चौधरी समाज के भी बड़े नेता माने जाते हैं।

**मप्र में पटवारी भर्ती परीक्षा में घोटाला**

## जांच से कतरा रही है BJP सरकार: प्रियंका

**एजेंसी** | भोपाल



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने गुरुवार को मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि पटवारियों के लिए आयोजित की गई भर्ती परीक्षा की जांच कराने से कतरा रही है। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 26 अप्रैल को आयोजित परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ भोपाल और इंदौर सहित राज्य के कई हिस्सों में बेरोजगार युवाओं ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया।

इस परीक्षा के परिणाम मई और जून में घोषित किए गए थे। प्रियंका ने ट्वीट किया कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के शासन में एक बार फिर भर्ती में घोटाले की खबरें आ रही हैं। नौकरियों के लिए पदों की लाखों रुपए में बोली लगाए जाने की खबरें हैं और सरकार जांच कराने से क्यों कतरा रही है। उन्होंने कहा कि भर्ती घोटालों से जुड़े होने के आरोप में भाजपा नेताओं का नाम ही क्यों सामने आता है। प्रियंका ने आगे लिखा कि नौकरी के लिए भर्तियों में केवल घोटाले ही घोटाले हैं। भाजपा सरकार लाखों युवाओं का भविष्य अंधकार में क्यों डाल रही है। सूबे के प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस का आरोप है कि पटवारियों की भर्ती में बड़े पैमाने पर धांधली की गई और शीर्ष 10 चयनित उम्मीदवारों में से सात ने ग्वालियर के एक निजी महाविद्यालय में बनाए गए केंद्र में भर्ती परीक्षा दी थी। कांग्रेस का दावा है कि यह महाविद्यालय सत्तारूढ़ भाजपा के एक विधायक द्वारा चलाया जा रहा है। हालांकि, सत्तारूढ़ भाजपा ने इस भर्ती परीक्षा में किसी भी तरह की अनियमितता से इनकार किया है। उधर, मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड के भोपाल कार्यालय के सामने और इंदौर कलेक्टरेट परिसर के सामने परीक्षा रद्द करने और कथित अनियमितताओं की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से जांच कराने की मांग को लेकर बेरोजगार युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पटवारी भर्ती परीक्षा को ‘व्यापमं घोटाला 3.0’ करार देते हुए जमकर नारेबाजी की।

**शिवसेना (यूबीटी) ने पवार पर साधा निशाना**

## ‘दिल्ली दरबार’ के सामने झुक रहे हैं महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित

**एजेंसी** | मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने दिल्ली जाने के लिए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार पर निशाना साधा।

राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने कहा कि पवार खुद भाजपा के नेताओं की आलोचना करते थे कि उन्हें फैसले लेने के लिए दिल्ली जाना पड़ता है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा कि जिन अजित पवार की अपनी अलग आभा थी, अब उन्हें दिल्ली दरबार के सामने झुकना होगा। शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी से अलग होकर शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार में शामिल होने के बाद अजित पवार और वरिष्ठ राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल ने बुधवार को पहली बार शाह से मुलाकात की। पटेल ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र का नेतृत्व कब से दिल्ली जाने लगा?



### राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

मुंबई। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने राज्य में प्रशासन के ठप पड़ने का दावा करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार को बर्खास्त कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ दल, मंत्री पद और विभागों के बंटवारे को लेकर लड़ रहे हैं। पटोले ने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है, किसान रोजाना आत्महत्या कर रहे हैं और महंगाई बढ़ती जा रही है।

## छत्तीसगढ़ के मंत्री प्रेमसाय सिंह ने इस्तीफा दिया

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। टेकाम के मुताबिक उनसे इस्तीफा मांगा गया है और उन्होंने प्रक्रिया का पालन किया है। टेकाम ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि मंत्रिमंडल में किसी को रखना और किसी को नहीं रखना यह मुख्यमंत्री के विवेकाधिकार पर निर्भर करता है। मुझे कहा गया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का निर्देश है कि आपको इस्तीफा देना है। मैंने प्रक्रिया का पालन किया है। उन्होंने कहा कि संगठन और मंत्रिमंडल में फेरबदल चलते रहता है। यह संगठन और पार्टी की प्रक्रिया है। चुनाव में काम करना है। पार्टी का जो निर्देश होगा उसमें काम करना है।

### BJP के ‘विधानसभा मार्च’ पर लाठीचार्ज



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में विधानसभा मार्च कर रहे बीजेपी नेताओं-कार्यकर्ताओं पर पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे लोगों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वाटर केनन एवं आंसू गैस के गोले छोड़े। भाजपा ने आरोप लगाया कि ‘बर्बरतापूर्ण’ लाठीचार्ज किए जाने से एक कार्यकर्ता की मौत हो गई। -पीटीआई


**PM की डिग्री को लेकर मानहानि का केस**

# दिल्ली में बाढ़ के कारण कोर्ट नहीं पहुंचे केजरीवाल, 26 को फिर पेशी

**एजेंसी** | अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री को लेकर ‘व्यंग्यात्मक’ और ‘अपमानजनक’ बयानों से संबंधित आपराधिक मानहानि के मामले में यहां की एक अदालत ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को 26 जुलाई को अपने समक्ष पेश होने का निर्देश दिया।

आम आदमी पार्टी (आप) के दोनों नेताओं के खिलाफ मामला गुजरात विश्वविद्यालय (जीयू) की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था। यहां की एक मेट्रोपोलिटन अदालत ने पूर्व में दोनों नेताओं को 13 जुलाई को अपने समक्ष पेश होने का निर्देश दिया था। हालांकि, उनके वकील ने छूट संबंधी आवेदन दायर कर कहा कि केजरीवाल और सिंह दिल्ली में भारी बारिश के कारण पेश नहीं हो सके। गुजरात विश्वविद्यालय के वकील अमित नायर ने याचिका का विरोध नहीं किया, लेकिन अदालत से आग्रह किया कि आप नेताओं को अगली तारीख पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया जाए क्योंकि मुकदमे में देरी हो रही है। पेशी से छूट संबंधी उनकी याचिका पर विचार करने के बाद, अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट एसजे पांचाल ने केजरीवाल और सिंह को 26 जुलाई को उपस्थित रहने का निर्देश दिया।



सुनवाई के दौरान, आप नेताओं के वकील ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 309 के तहत एक और याचिका दायर की, जिसमें अदालत से गुजरात उच्च न्यायालय में संबंधित मामले की सुनवाई के मद्देनजर, इस मामले की सुनवाई स्थगित करने का आग्रह किया गया। नायर ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि इस मामले और उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित मामले के बीच कोई संबंध नहीं है। इसके बाद, आप नेताओं ने याचिका पर जोर नहीं दिया और इसे वापस ले लिया। पिछली सुनवाई के दौरान, अदालत ने यह देखने के बाद दोनों आप नेताओं को तलब किया था कि प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 500 (मानहानि) के तहत मामला बनता प्रतीत होता है।

### क्या है मामला

गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की शैक्षणिक डिग्री पर मुख्य सूचना आयुक्त के आदेश को रद्द किए जाने के बाद गुजरात विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पीयूष पटेल ने दोनों नेताओं के खिलाफ उनकी टिप्पणियों को लेकर मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया कि दोनों नेताओं ने संवाददाता सम्मेलनों और ट्विटर पर प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री को लेकर विश्वविद्यालय को निशाना बनाते हुए अपमानजनक बयान दिए। इसमें कहा गया कि गुजरात विश्वविद्यालय के खिलाफ उनकी टिप्पणियां अपमानजनक थीं और उनका उद्देश्य विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना था।

### मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय दिल्ली आबकारी नीति मामले और उससे उत्पन्न धनशोधन मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ दिल्ली उच्च न्यायालय के अलग-अलग आदेशों को चुनौती देने वाली उनकी याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। उच्च न्यायालय ने इन मामलों में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री की याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करने पर सहमत हुई थी। सिसोदिया की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने शीर्ष अदालत से याचिका पर सुनवाई का अनुरोध किया था क्योंकि आप के वरिष्ठ नेता की पत्नी गंभीर रूप से बीमार हैं और अस्पताल में भर्ती हैं।

# पेरिस में प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत

**पेरिस/ नई दल्ली।** पेरिस की दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुरुवार को जोरदार स्वागत किया गया। फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की, जहां उन्होंने सलामी गारद का निरीक्षण किया और दोनों देशों का राष्ट्रगान बजाया गया। इस यात्रा के दौरान मोदी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे और फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। यहां पहुंचने के तुरंत बाद मोदी ने ट्वीट किया, 'पेरिस पहुंच गया। इस यात्रा के दौरान भारत-फ्रांस सहयोग को बढ़ावा देने के लिए उत्सुक हूं। आज मेरे विभिन्न कार्यक्रमों में शाम को भारतीय समुदाय के साथ बातचीत शामिल है।' पेरिस में प्रधानमंत्री के व्यस्त कार्यक्रम में बैस्टिल दिवस समारोह में भागीदारी और फ्रांसीसी नेतृत्व, भारतीय प्रवासी, सीईओ और प्रमुख हस्तियों के साथ बातचीत सहित कई कार्यक्रम शामिल हैं।"





### फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस पर मोदी होंगे विशिष्ट अतिथि

पीएम मोदी ने कहा कि फ्रांस की उनकी यात्रा विशेष है क्योंकि वह फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस या बैस्टिल दिवस समारोह में राष्ट्रपति मैक्रों के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। परेड में भारत की तीनों सेनाओं का 269 सदस्यीय दल हिस्सा लेगा। फ्रांसीसी जेट विमानों के साथ भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के तीन राफेल लड़ाकू विमान भी इस अवसर पर फ्लाईपास्ट में शामिल होंगे।

### प्रवासी भारतीयों से मुलाकात

प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस के होटल पहुंचने पर बच्चों और प्रवासी भारतीयों से बातचीत की। उनके होटल के बाहर प्रतीक्षा कर रहे भारतीय समुदाय के उत्साही सदस्यों ने प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान 'भारत माता की जय' के नारे लगाए।

### प्रमुख सीईओ से करेंगे मुलाकात

पीएम मोदी भारतीय समुदाय, दोनों देशों के प्रमुख सीईओ के साथ-साथ प्रमुख फ्रांसीसी हस्तियों से भी मुलाकात करेंगे। पेरिस से मोदी 15 जुलाई को आधिकारिक यात्रा के लिए संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी जाएंगे।

### 15 को जाएंगे अबू धाबी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस की यात्रा पूरी करने के बाद 15 जुलाई को अबू धाबी जाएंगे। मोदी ने कहा कि पेरिस के बाद मैं 15 जुलाई को अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात की राजकीय यात्रा पर जाऊंगा। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति और अबू धाबी के शासक अपने मित्र शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मिलने के लिए उत्सुक हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद और मैं दोनों देशों की भाविष्य की साझेदारी का खाका बनाने पर सहमत हुए थे, और मैं उनके साथ चर्चा करने की प्रतीक्षा में हूं कि कैसे हम अपने रिश्तों को और गहरा बना सकते हैं।





## दो लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में एक इनामी नक्सली ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। नक्सली के खिलाफ कई बड़ी घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों के बटालियन नंबर एक में कंपनी नम्बर दो के प्लाटून नम्बर तीन के सदस्य हरीश पदम उर्फ पोज्जा (21) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। नक्सली हरीश के सिर पर दो लाख रुपए का इनाम है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हरीश ने माओवादियों की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार और उपेक्षा से तंग आकर आत्मसमर्पण करने का फैसला किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सली के आत्मसमर्पण करने पर उसके उत्साहवर्धन के लिए 25 हजार रुपए नकद प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि हरीश वर्ष 2019 में बाल संघम सदस्य के रूप में संगठन में भर्ती हुआ था।

### रक्षा अधिग्रहण परिषद ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

# फ्रांस से 26 राफेल-3 स्कॉर्पीन पनडुब्बियां खरीदेगा भारत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत ने एक बड़े रक्षा सौदे के रूप में फ्रांस से 26 राफेल लड़ाकू विमान और तीन स्कॉर्पीन श्रेणी की पारंपरिक पनडुब्बियां खरीदने की योजना बनाई है।

रक्षा अधिग्रहण परिषद ने इसकी मंजूरी दे दी है। एक रक्षा अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि रक्षा अधिग्रहण परिषद ने भारतीय नौसेना के लिए तीन अतिरिक्त स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों के साथ 22 राफेल एम और चार दो सीटों वाले ट्रेनर संस्करणों सहित 26 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। भारतीय वायु सेना के लिए फ्रांस से 36 राफेल विमान पहले ही खरीदे जा चुके हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने उस दिन इस योजना को मंजूरी दी, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय पेरिस यात्रा शुरू हुई। डीएसी रक्षा खरीद पर निर्णय लेने वाली रक्षा मंत्रालय की सर्वोच्च इकाई है। उसने भारत में तीन और स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के विनिर्माण के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी। रक्षा खरीद बोर्ड (डीपीबी) ने एक सप्ताह पहले ही परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी थी।



### पेरिस में हो सकती है रक्षा खरीद परियोजनाओं की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों की शुक्रवार को पेरिस में होने वाली व्यापक बातचीत के बाद रक्षा खरीद परियोजनाओं की घोषणा की जा सकती है। रक्षा खरीद बोर्ड (डीपीबी) ने एक सप्ताह पहले ही परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी थी।

### क्या है स्कॉर्पीन क्लास की खासियत

दुनिया के सबसे बेस्ट रडार सिस्टमों में से एक स्कॉर्पीन क्लास पनडुब्बी में रहता है। इसका इस्तेमाल खुफिया मिशन को अंजाम देने में किया जाता है। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह पनडुब्बी रडार को चकमा देने में माहिर है। भारत के पास मौजूदा समय में 6 पनडुब्बियां हैं और फ्रांस के साथ डील कंफर्म होने के बाद इसकी संख्या बढ़कर 9 हो जाएगी। यह पानी के भीतर समुद्री सुरंग बिछाने में सक्षम है। इसकी मदद से एंटी-टॉरपीडों काउंटरमेजर सिस्टम लगाया जाता है। कहा जाता है कि पनडुब्बी पानी के भीतर 37 किमी तो पानी के ऊपर 20 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चल सकती है। पनडुब्बी की लंबाई 221 फीट, जबकि ऊंचाई 40 फीट है। साथ ही यह 350 फीट की गहराई तक में उतर सकती है। इसमें 8 सैन्य अधिकारी और 35 नाविक एकसाथ सवार हो सकते हैं।

### आईआईटी इंदौर ने खोजा तरीका

# अब प्लास्टिक के कचरे से बनी गैस से दौड़ेंगी कार

**एजेंसी** | इंदौर (मध्यप्रदेश)

इंदौर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने पीईटी प्लास्टिक के कचरे से हरित हाइड्रोजन गैस बनाने का आसान और असरदार तरीका खोज निकाला है। आईआईटी प्रबंधन के मुताबिक तीन बरस की मेहनत से संपन्न यह अनुसंधान न केवल प्लास्टिक अपशिष्ट के निपटारे की वैश्विक समस्या हल कर सकता है, बल्कि 'कचरे से कमाई' के नए रास्ते भी खोल सकता है।

आईआईटी के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर संजय के. सिंह ने बताया कि हम पानी में प्लास्टिक के कचरे को बारीक टुकड़े, उत्प्रेरक और अन्य पदार्थ डालकर 160 डिग्री सेल्सियस तापमान पर गर्म करते हैं। इस रासायनिक प्रक्रिया से निकलने वाली 100 प्रतिशत शुद्ध हाइड्रोजन गैस को इकट्ठा कर लिया जाता है उन्होंने बताया कि रासायनिक प्रक्रिया के जरिये पीईटी प्लास्टिक के 33 किलोग्राम कचरे से एक किलोग्राम शुद्ध हाइड्रोजन गैस बनाई जा सकती है और माना जाता है कि इतना हरित ईंधन हाइड्रोजन से चलने वाली कार को 100 किमी तक दौड़ाने के लिए काफी है।

### राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन अभियान को दी थी हरी झंडी

केंद्र सरकार ने इस साल की शुरुआत में 19,744 करोड़ रुपये का प्रावधान करते हुए राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन अभियान को हरी झंडी दी थी ताकि भारत को इस ईंधन के उत्पादन का वैश्विक केंद्र बनाया जा सके। इस महत्वाकांक्षी अभियान के तहत वर्ष 2030 तक देश में कम से कम 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन बनाने की सालाना क्षमता विकसित करने का लक्ष्य तय किया गया है। आईआईटी इंदौर के एक अधिकारी ने कहा कि हरित हाइड्रोजन बनाने के संस्थान के अनुसंधान से इस लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिल सकती है।

### 'अपराध तथा साइबर सुरक्षा' पर जी-20 सम्मेलन में बोले शाह...

# 'डायनामाइट से मेटावर्स' व 'क्रिप्टो करेंसी' तक बढ़ी हैं सुरक्षा चुनौतियां

**एजेंसी** | गुरुग्राम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वैश्विक समुदाय को 'डायनामाइट से मेटावर्स' तथा 'हवाला से लेकर क्रिप्टोकरेंसी' तक सुरक्षा चुनौतियां बढ़ने के प्रति आगाह किया और जी-20 देशों से पारंपरिक सीमाओं से परे जाकर इन अपराधों के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की।

शाह ने 'कृत्रिम मेधा, मेटावर्स और एनएफटी के युग में अपराध तथा साइबर सुरक्षा' पर जी-20 सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवादियों द्वारा वित्तीय लेनदेन के लिए नए तरीके तथा नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे सुरक्षा तंत्र तथा डिजिटल ढांचे के लिए खतरा पैदा हो गया है। शाह ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि कुछ असामाजिक तत्व और वैश्विक ताकतें नागरिकों तथा सरकारों को आर्थिक और सामाजिक नुकसान पहुंचाने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जी-20 ने अब तक आर्थिक दृष्टिकोण के लिए डिजिटल बदलाव, डेटा प्रवाह पर ध्यान केंद्रित किया लेकिन अब अपराध तथा सुरक्षा पहलुओं को समझना तथा समाधान तलाशना अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। शाह ने कहा कि ऐसी गतिविधियां राष्ट्रीय स्तर पर चिंता का कारण हैं क्योंकि ये राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून व्यवस्था तथा अर्थव्यवस्था को सीधे तौर पर प्रभावित करती हैं।




### खुफिया जानकारी साझा करना इस वक्त की आवश्यकता

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मनुष्यों, समुदायों और देशों को करीब लाने में प्रौद्योगिकी का अहम योगदान है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व और वैश्विक ताकतें भी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल नागरिकों और सरकारों को आर्थिक तथा सामाजिक नुकसान पहुंचाने के लिए कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने सीमा पार से सक्रिय साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कई सुझाव दिए जिनमें सभी देशों के कानूनों में एकरूपता लाना, देशों के विभिन्न कानूनों के तहत एक प्रतिक्रिया तंत्र विकसित करना, सभी देशों की साइबर एजेंसियों के बीच अधिक समन्वय स्थापित करना आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा नीतियों के प्रति एकीकृत तथा स्थिर रुख से सूचना साझा करने में भरोसा बढ़ेगा, एजेंसी के नियम आड़े नहीं आएंगे तथा संसाधनों की कमी दूर होगी।

### CERTS को मजबूत बनाना जरूरी

शाह ने कहा कि कहा कई देशों में साइबर हमले हो चुके हैं और ये खतरे दुनिया के सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों पर मंडरा रहे हैं। विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार साइबर हमलों से दुनिया भर को 2019-2023 के बीच 5200 अरब डॉलर का नुकसान पहुंचा होगा। किप्टो करेंसी का इस्तेमाल, इसे रोकने और पहचान करने की प्रक्रिया को और जटिल बनाती है। गृह मंत्री ने सुझाव दिया कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के आपराधिक उपयोग पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के अनुरूप, साक्ष्यों का शीघ्र संरक्षण, जांच और समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आने वाली प्रौद्योगियों से निपटने के लिए कम्प्यूटर इंमजेंसी रिस्पॉन्स टीम्स (सीईआरटीएस)को मजबूत बनाने की आवश्यकता है। गृह मंत्री ने कहा कि डिजिटल करेंसी से जुड़े साइबर अपराधों के बढ़ने से इस प्रकार की आर्थिक अनियमितताओं को रोकने के लिए देशों के बीच एक 'समर्पित साझा चैनल' की जरूरत है।

### भारत ने स्थापित किए 'डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल'

साइबर अपराधियों से निपटने के लिए देश के कदमों का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि भारत ने सामान्य पहुंच वाले 'डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल' स्थापित किए हैं जो आज दुनिया में उदाहरण बन गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने डिजिटल पहचान के लिए आधार मॉडल, तेजी से भुगतान के लिए यूपीआई मोड, डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क (ओएनडीसी, और ओपन हेल्थ सर्विस नेटवर्क) आदि विकसित किए हैं। दुनिया को आज सूचना तथा वित्त के प्रवाह को सुविधाजनक बनाने के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए एक नए मॉडल की आवश्यकता है। इससे दुनिया के देशों को अपने नागरिकों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। गृह मंत्री ने कहा कि भारत ने साइबर सुरक्षा के लिए दुनिया का सबसे बड़ा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है।

## जयपुर की मॉडल्स कोटा के रैंप पर बनीं 'शो स्टॉपर', कलेक्शन किए शोकेस

# हाड़ौती में 'गुलाबी नगरी की शान'

**बेधड़क । जयपुर**
जयपुर की शान हाड़ौती में दिखाई दी। न केवल गुलाबी नगरी की मॉडल-एक्ट्रेस ने, बल्कि फैशन एक्सपर्ट, डिजाइनर्स और फैशन लवर्स ने टैलेंट दिखाया। इसके लिए जयपुर की मॉडल-एक्ट्रेस चार्वी तान्या दत्ता और आकांक्षा भल्ला ने कोटा के रैंप पर गुलाबी नगरी की शान बढ़ाई। साथ ही 32 मॉडल्स ने ब्राइडल व वेस्टर्न कलेक्शन शोकेस किया। मौका था कोटा कोट्योर शो में मॉडल्स की ओर से फैशन के रंग बिखेरने का। दोनों शो स्टॉपर्स का सम्मान पाने वाली जयपुर की सेलिब्रिटी बनी। जयपुर के फैशन एक्सपर्ट व फाउंडर-डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया कि यह जयपुर के लिए गर्व व सम्मान की बात रही कि कोटा के रैंप पर यहां की एक्ट्रेस-मॉडल्स शो स्टॉपर बनीं और उन्होंने बेहतरीन कलेक्शन को शोकेस किया। इस दौरान 6 सीक्वेंस में मेल-फिमेल मॉडल्स ने फैशन की बानगी पेश की।



### छा गए ब्राइडल के रंग

शो में जयपुर से डिजाइनर, फैशन लवर और एक्सपर्ट ने शिरकत की। इस दौरान 22 हेवी ब्राइडल लहंगों को फ्लावर थीम पर सजे रैंप पर शोकेस किया गया। 6 फैशन डिजाइनर्स के वेस्टर्न, ब्राइडल, समर, मानसून आदि कलेक्शन को 26 फिमेल व 6 मेल मॉडल्स ने रैंप पर उतारा।

### कोटा डोरिया और एयर होस्टेस रहा खास

प्रदेश की शान कोटा डोरिया भी प्रदर्शित किया गया तो सबसे खास एयर होस्टेस सीक्वेंस रहा। इसमें मॉडल्स ने वीमन एम्पावरमेंट का मैसेज दिया और वे रैंप पर एयर होस्टेस की ड्रेस पहनकर वॉक करने आईं। इस दौरान मौजूद फैशन लवर्स ने उनका उत्साह बढ़ाया।





## SBI सिक्यूरिटीज का नया ऑफिस अब टोंक रोड पर



**बेधड़क. जयपुर।** एसबीआई सिक्यूरिटीज लिमिटेड ने टोंक रोड पर नया कार्यालय खोला है, जिसका उद्घाटन मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक लाला व भारतीय स्टेट बैंक, जयपुर मंडल के मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार मिश्रा ने किया। एसबीआई सिक्यूरिटीज लिमिटेड शेयर ट्रेडिंग व डीमेट, खातों के साथ-साथ जयपुर में पिछले 7-8 वर्षों से अपने प्रर्वतक बैंक भारतीय स्टेट बैंक के लिए होम लोन, कार लोन तथा रिटेल लोन के प्रस्ताव तैयार कर प्रोसेसिंग केन्द्रों व शाखाओं को प्रस्तुत कर ऋण वितरित कराती है। इस अवसर पर एसबीआई सिक्यूरिटीज लिमिटेड के बिजनेस हेड विनीत सैमुअल तथा नेशनल हेड आनंद बेदमुथा व मुकेश कोठारी के साथ-साथ के महाप्रबंधक प्रभात कुमार मिश्रा, हेमंत करौलिया, चन्द्रभूषण कुमार सिंह, उपमहाप्रबंधक अनिरुद्ध चौधरी एवं अन्य उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

## श्रुत पंचमी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रेमलता-सुखदा रहीं अव्वल



**बेधड़क. जयपुर।** अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर की ओर से श्रुत पंचमी पर अखिल भारतीय स्तर पर व्हाट्सएप से आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रेमलता जैन जयपुर और सौ. सुखदा गुलबर्गा कर्नाटक प्रथम रहीं। प्रतियोगिता में में बूंदी, कोटा, भीलवाड़ा, झालावाड़, जयपुर, सवाई माधोपुर, टोंक, उदयपुर, नीमच, औरंगाबाद, हैदराबाद, खरगोन, गुलबर्गा, सनावन, बाराबंकी, विदिशा, पूना, मनाली, दिल्ली, चांदखेड़ी, सागर, विजयनगर, हरिद्वार, जबलपुर, गुरुग्राम, इंदौर, लखनऊ, प्रमुख थे। अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के अध्यक्ष भागचंद जैन मित्रपुरा ने बताया कि दूसरे स्थान पर आरती (डोली) जैन सवाई माधोपुर और नीतू जयपुर रहीं। तृतीय स्थान पर गुणमाला जयपुर, लता जैन जबलपुर, मुकेश जैन जयपुर, अनिता मोदी विदिशा, कल्पना जैन जलगांव, प्रेरणा बाकलीवाल नीमच, कांता पहाड़िया हैदराबाद रहीं। चातुर्मास के दौरान विजेताओं को एक समारोह में पुरस्कार वितरित किया जाएगा।

## City इवेंट्स

### राम कुमार हैड कोच नियुक्त



**बेधड़क. जयपुर।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ खेल अधिकारी राम कुमार को भारतीय अंडर-16 पुरुष बास्केटबाल टीम का हैड कोच नियुक्त किया गया है। वे साउथ एशियन श्रीलंका में होने वाली बास्केटबाल चैम्पियनशिप में बास्केटबाल टीम के हैड कोच के रूप में सेवाएं देंगे। भारतीय अंडर-16 पुरुष बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर इंदौर में 15 जुलाई से 6 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

### मंच पार्श्व कार्यशाला 18 से

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान संगीत नाटक अकादमी जोधपुर की ओर से जवाहर कला केंद्र के सहयोग से जयपुर में 18 से 23 जुलाई तक मंच पार्श्व कार्यशाला का आयोजन होगा। पहली बार हो रहे इस आयोजन के बारे में अकादमी अध्यक्ष बिनाका जेश ने बताया कि प्रदेश में विभिन्न विषयों पर अलग-अलग प्रशिक्षण शिविर व कार्यशालाएं आयोजित रही हैं, लेकिन समग्र रूप से मंच प्रबंधन, दृश्य विधान, मंच सज्जा, वस्त्र विन्यास पर प्रभावी कार्य की महता को रखते हुए अकादमी द्वारा कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में प्रदेश के चयनित व सीमित संख्या में रंगधर्मियों को प्रवेश दिया जाएगा, जिनके आवेदन ऑनलाइन मांगे गए हैं। अकादमी सचिव लक्ष्मी नारायण बैरवा ने बताया कि कार्यशाला में प्रशिक्षण देने के लिए नाट्य निर्देशक प्रोफेसर देवेन्द्रराज अंकुर दिल्ली, मुंबई से मंच प्रबंधन की विशेषज्ञ सात्विका कंठामनेनी व कोच्चि से विशेषज्ञ आएंगे। कार्यशाला के लिए अकादमी सदस्य गगन मिश्रा को संयोजक व अभिषेक मुद्गल को समन्वयक बनाया गया है।

### देपाल ने संभाला अतिरिक्त जिम्मा



**बेधड़क. जयपुर।** उप महानिदेशक अभियांत्रिकी मयंक कुमार का आकाशवाणी जयपुर से आकाशवाणी आगरा में समान संवर्ग में स्थानान्तरण हो जाने के कारण सतीश देपाल, उप महानिदेशक अभियांत्रिकी ने दूरदर्शन जयपुर के अतिरिक्त आकाशवाणी जयपुर के उप महानिदेशक एवं कार्यालय प्रमुख का भी अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वे राजस्थान स्थित सभी आकाशवाणी केंद्रों के जोनल प्रमुख का कार्य भी देखेंगे। सतीश देपाल भारतीय प्रसारण सेवा (इंजिनियरिंग) के 1991 बैच के अधिकारी हैं। वे दूरदर्शन के अतिरिक्त आकाशवाणी के विभिन्न केंद्रों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। देपाल के नेतृत्व में पूर्व में आकाशवाणी उदयपुर एवं बांसवाड़ा को बेस्ट मेंटेण्ड केंद्रों के सम्मान से पुरस्कृत किया गया एवं राजभाषा के भी विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। देपाल ने बताया कि आकाशवाणी कार्यक्रमों के माध्यम से राजस्थान की लोक कला, संस्कृति एवं परम्पराओं को वर्तमान तकनीकी प्रगति के परिप्रेक्ष्य में जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

## प्रांतीय आर्य महासम्मेलन में आएंगे 25 हजार आर्य

# 400 बालक- बालिकाओं को प्रदान किए जाएंगे यज्ञोपवीत



**बेधड़क | जयपुर**
आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान और महर्षि दयानंद स्मृति भवन न्यास जोधपुर की ओर से 23-24 सितंबर को आर्य महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान के प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी डॉ. मोक्षराज ने बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय के कॉलेज ग्राउंड में भाद्रपद अष्टमी व नवमी सम्वत् 2080 में होने वाले महासम्मेलन में आर्य जगत के शीर्षस्थ धार्मिक विद्वान् व सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित लगभग 25,000 आर्यजन उपस्थित होंगे। अमेरिका, मॉरीशस, सूरीनाम, फिजी, ऑस्ट्रेलिया, गयाना, दक्षिणी अफ्रीका आदि से लोग आएंगे। सम्मेलन को एतिहासिक रूप देने के लिए 200 बालिकाओं तथा 200 बालकों को यज्ञोपवीत प्रदान किए जाएंगे।

कार्यक्रम को लेकर आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान के राजापार्क स्थित कार्यालय में जयपुर की स्थानीय आर्यसमाजों की बैठक हुई। बैठक में सभा प्रधान किशन लाल गहलोत, मंत्री जीव वर्धन शास्त्री, कोषाध्यक्ष जयसिंह गहलोत, नरदेव आर्य, प्रोफेसर संदीपन आर्य, रवि चड्ढा, गोवर्धन चौधरी, आर्यसमाज मानसरोवर से सुनिल अरोड़ा, आर्यसमाज किशनपोल से चंद्रशेखर शर्मा, आर्यसमाज मोती कटला से अशोक कुमार शर्मा, आर्यसमाज कोठी कोलियान से राजेंद्र आर्य, आर्य समाज नींदड से पंडित भगवान सहाय, आर्यसमाज बगरू से डॉ. सुधीर शर्मा, आर्यसमाज आदर्श नगर राजापार्क से रवि नैयर, देवेंद्र त्यागी, आर्यसमाज सांगानेर तथा आर्यसमाज जनता कॉलोनी से शशांक छतवाल ने भाग लिया।

## सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा परामर्श शिविर

# 490 लोग हुए लाभान्वित निशुल्क जांच कर दी दवा



**बेधड़क | जयपुर**
उपखंड मुख्यालय महुआ की पुरानी तहसील के पास स्थित श्रीबालाजी डेंटल हॉस्पिटल व पॉलीक्लिनिक में महात्मा गांधी अस्पताल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा परामर्श शिविर लगाया गया।

शिविर में 490 से अधिक रोगियों को पेट, आंत, लीवर रोग विशेषज्ञ डॉ. धीरज सैनी, जनरल मेडिसिन के डॉ. प्रतीक मंगल, हड्डी रोग से डॉ. रोहित त्यागी, स्त्री रोग डॉ. चारु बंसल, नाक कान गला डॉ. निखिल सोनी तथा दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. तन्मय खंडेलवाल आदि विशेषज्ञों ने परामर्श के साथ ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की निशुल्क जांच कर फ्री दवाइयां दीं। अब ऑपरेशन योग्य पंजीकृत मरीजों को महात्मा गांधी अस्पताल में चिरंजीवी योजना के तहत निशुल्क बस सेवा से लाकर उपचार दिया जाएगा।

जनरल ऑपरेशन सहित मोतियाबिंद उपचार भी फ्री होगा। इस अवसर पर वीरेंद्र पारीक, डॉ. पंकज शर्मा, हेमंत वर्मा, मनीष मिश्रा, नर्सिंग स्टाफ लोकेश सैनी, लेखराज, भूपेंद्र, प्रियंका, महुआ प्रेस क्लब अध्यक्ष अवधेश अवस्थी, पार्षद डॉक्टर माधव खंडेलवाल, लियो क्लब महुआ अध्यक्ष ऋषभ गोयल, सचिव अभय जैन, कोषाध्यक्ष अमित खंडेलवाल, यश गुप्ता, संतोष शर्मा, विशाल पाराशर, पंकज गोयल, मोहित गर्ग, अतुल गोयल, निखिल सिंघल गौरव शर्मा, राहुल बैरवा, कुसुम राजावत सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे।

**लॉचिंग** | मरुधरा ऑन व्हील्स साइक्लॉथोन का पोस्टर, टी-शर्ट लॉन्च

# जयपुराइट्स को दिए सुरक्षित साइक्लिंग के टिप्स

**बेधड़क | जयपुर**
सिर्फ साइकिल चलाना ही काफी नहीं है, बल्कि उसके बारे में जानकारी होना भी जरूरी है। पैडल लगाते समय पैर पूरी तरह से सीधे होने चाहिए। साइकिल चलाने वाले की हाइट साइकिल की हाइट से मैच होनी चाहिए। कमर, पैर, सिर आदि की पोजिशन भी महत्व रखती है।

साइक्लिंग को लेकर ये टिप्स जयपुर में विशेषज्ञों ने दिए और जयपुराइट्स को ज्यादा से ज्यादा सेफ साइक्लिंग का मैसेज दिया। मौका था देसी अखाड़ा और कल्पतरु शिक्षा समिति की ओर से फिट इंडिया मिशन के तहत रविवार को होने वाले मरुधरा ऑन व्हील्स साइक्लॉथोन के पोस्टर व टी-शर्ट लॉन्च का। सोशल वर्कर पवन गोयल व जेडी माहेश्वरी ने बताया कि साइक्लॉथोन 200 फिट बाइपास होटल प्राइम सफारी से शुरू होकर मानसरोवर स्थित होटल हयात रेजीडेंसी तक जाएगी। इसमें 10, 15 और 30 किलोमीटर की तीन कैटेगरी रखी गई है। हमारा उदेश्य नो व्हीकल डे मनाते हुए साइकिल का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने का मैसेज देना है। हम गवर्नमेंट से भी अपील करते हैं कि शहर में कुछ स्थान ऐसे भी घोषिए किए जाएं, जहां पर सिर्फ साइकिल से या फिर पैदल ही जाया जा सके।

इस मौके पर यस बैंक के अभिनव गुप्ता, कल्पतरु शिक्षा समिति से सुनील गौड़ व नितिन, पंकज जांगिड़, साइक्लिस्ट सुनील शर्मा, पूनम गर्ग, राघव गोयल आदि ने साइक्लॉथोन की ट्रॉफी, टी-शर्ट, मैडल और पोस्टर लॉन्च किए।



फोटो: पंकज शर्मा

### 12 वर्ष से ज्यादा वाले लेंगे हिस्सा

सुनील गौड़ ने बताया कि इस दौरान 12 वर्ष से ज्यादा वाले महिला, पुरुष, युवा साइक्लिंग करेंगे और 300 साइक्लिस्ट के रजिस्ट्रेशन इसके लिए किए गए हैं। साथ ही पार्टीसिपेंट्स के लिए लाइव सिंगिंग, राजस्थानी प्रस्तुति और पंजाबी ढोल परफॉर्मेंस का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 100 वॉलियंटर साइक्लिस्ट की हेल्प के लिए तैनात रहेंगे। पूरे रास्ते को एक दिन पहले ही हमारी ओर से सुरक्षित किया जाएगा। जहां गड्ढे हैं, उनको भरते हुए रास्ते को सुगम बनाया जाएगा।

विचारों पर रोक मुश्किल है,
परन्तु कर्म हमेशा हमारे ही हाथ में होते हैं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप




## विदेश मंत्रियों का मिलन: 'आसियान' के सदस्य देशों के विदेश मंत्री हुए एकत्र...




*जकार्ता। इंडोनेशिया की राजधानी में गुरुवार को दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के विदेश मंत्रियों की बैठक में बाएं से दाएं, लाओस के विदेश मंत्री सेलुमक्से कोमासिथ, मलेशिया के विदेश मंत्री जाम्ब्री अब्दुल कादिर, थाईलैंड के विदेश मंत्री डॉन प्रमुदविनई, वियतनाम के वरिष्ठ आधिकारिक प्रतिनिधि वु हो, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन, फिलीपींस के विदेश मंत्री सचिव एनरिक मनलो, ब्रुनेई के वरिष्ठ आधिकारिक प्रतिनिधि के प्रमुख जोहरिया वहाब, कंबोडिया के विदेश मंत्री प्राक सोखोन, इंडोनेशिया के विदेश मंत्री रेटनो मार्सुडी, पूर्वी तिमोर के विदेश मंत्री बेंडिटो फ्रीटास और आसियान महासचिव काओ किम होर्न आसियान पोस्ट मिनिस्ट्रियल कॉन्फ्रेंस के दौरान एक समूह फोटो में। इस बैठक में भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने समकक्षों से विभिन्न विषयों पर बात की।* -पीटीआई

### माइक्रोसॉफ्ट ने चीन को लेकर किया बड़ा दावा...

# चीन के हैकरों ने लगाई यूरोप में सरकारी ईमेल अकाउंट में सेंध

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

चीन के हैकिंग ग्रुप की ओर से पश्चिमी यूरोप में सरकारी एजेंसियों के ईमेल अकाउंट में सेंधमारी का मामला सामने आया है। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट की एक रिपोर्ट में किए गए दावे को बीजिंग ने दुष्प्रचार बताया है।

बीजिंग की ओर से कहा गया कि इस आरोप का मकसद अमेरिका की साइबर गतिविधियों से ध्यान भटकाना है। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि स्टॉर्म-0558 नाम से पहचाना गया यह समूह जासूसी और डेटा चोरी जैसे कृत्य करता है। ग्रुप ने ईमेल अकाउंट में सेंध लगाकर सराकारी एजेंसियों व करीब 25 संगठनों को प्रभावित किया है। यह गतिविधि बेरोकटोक एक माह जारी रही। माइक्रोसॉफ्ट के कार्यकारी उप प्रमुख चार्ली बेल ने कहा, 'हमने यह पाया कि यह समूह खुफिया सूचना जुटाने के लिए ईमेल में सेंध लगाता है।'



### स्टॉर्म-0588 ने ईमेल अकाउंट किए हैक

रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के बयान का जिक्र किया गया है कि स्टॉर्म-0588 ने अमेरिकी सरकार से जुड़े ईमेल अकाउंट में भी सेंध लगाई है। इस बीच, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि आरोप दुष्प्रचार है, जिसका लक्ष्य चीन पर अमेरिकी साइबर हमले से ध्यान भटकाना है। उन्होंने कहा, 'यह मायने नहीं रखता कि किस एजेंसी ने यह सूचना जारी की, यह इस तथ्य को कभी नहीं बदलेगा कि अमेरिका विश्व का सबसे बड़ा हैकर है जो सर्वाधिक संख्या में साइबर सेंधमारी कर रहा।

### 'सेंधमारी रोकने में हम सक्षम'

नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए बाइडेन के साथ लिथुआनिया में मौजूद एनएसए सुलिवन ने कहा कि इसकी जांच जारी है। सुलिवन ने कहा, 'हमने इसका तेजी से पता लगाया और हम आगे की सेंधमारी रोकने में सक्षम साबित होंगे। मामले की अब भी जांच की जा रही है।' माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि वह इस तरह के हमलों से बचने के लिए गृह सुरक्षा विभाग और साइबर सुरक्षा व इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी के साथ काम कर रहा है।


### पुतिन का झटका: अनाज समझौते से हटने की धमकी

# दुनिया भर में बढ़ी चिंता!

**एजेंसी** | मॉस्को

रूस की ओर से यूक्रेन के साथ हुए अनाज समझौते को आगे बढ़ाने की मंजूरी नहीं देने की आशंका से पूरी दुनिया में चिंता बढ़ती जा रही है। इस समझौते के तहत यूक्रेन को दुनिया के उन हिस्सों में अनाज की आपूर्ति करने की अनुमति मिली है जहां पर भुखमरी की स्थिति है। रूस द्वारा समझौते की अवधि नहीं बढ़ाने की आशंका के बीच अब युद्धग्रस्त यूक्रेन के काला सागर बंदरगाह पर पोत नहीं आ रहे हैं और खाद्य सामग्री के निर्यात में कमी आ रही है।

तुर्किये और यूएन ने पिछली गर्मी में वैश्विक खाद्य संकट को दूर करने के लिए मध्यस्थता की थी और उन्होंने अलग से भी रूस से करार किया था, ताकि अनाज और उर्वरक के निर्यात के लिए पोतों को सुविधा दी जा सके। मॉस्को कह रहा है कि वह अब भी बाधा का सामना कर रहा है, लेकिन आंकड़े दिखा रहे हैं कि वह रिकॉर्ड स्तर पर गेहूं का निर्यात कर रहा है।



### पहले दो बार दो-दो माह किया विस्तारित

रूसी अधिकारी लगातार कह रहे हैं कि काला सागर के रास्ते अनाज निर्यात समझौते की अवधि का विस्तार करने का कोई आधार नहीं है, जिसका चौथी बार सोमवार को नवीनीकरण किया जाना है। पूर्व में समझौते में तय चार महीने की अवधि की बजाय करार को दो बार दो-दो महीने के लिए विस्तारित किया गया। संयुक्त राष्ट्र और अन्य देश इस समझौते को बरकरार रखने का प्रयास कर रहे हैं। समझौते के तहत यूक्रेन को 3.28 करोड़ टन (36.2 मिलियन टन) अनाज भेजने की अनुमति दी गई है, जिसमें से आधा अनाज विकासशील देशों के लिए है।

### रूस की प्रतिष्ठा पर पड़ेगा असर

अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान के सीनियर रिसर्च फेलो जोसेफ ग्लॉबर ने कहा कि रूस अगर समझौते को जारी रखता है तो उसे दुनिया से अच्छी प्रतिक्रिया मिलेगी। उन्होंने कहा, 'जहां तक रूस का सवाल है, अगर वह इस समझौते की अवधि का विस्तार नहीं करता तो मुझे लगता है कि सार्वजनिक धारणा और वैश्विक सद्भावना के रूप में उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। ऐसे में रूस को काफी सोच-समझकर ही इस मामले में कोई कदम उठाना चाहिए।'

### अमेरिकी सीनेट में दोनों पक्षों के बराबर मत... डाला 'टाई-ब्रेकिंग' वोट

# उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने रचा इतिहास

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने सीनेट में एक मतदान में दोनों पक्षों के समान वोट पड़ने की स्थिति में टाई-ब्रेकिंग वोट डालकर अमेरिका के इतिहास में एक और नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। इस तरह हैरिस ने उपराष्ट्रपति के रूप में "टाई-ब्रेकिंग वोट" डालने के 191 साल पुराने रिकार्ड की बराबरी की और संघीय एजेंसी की सदस्य के रूप में भारतीय मूल की कल्पना कोटागल के नामांकन का समर्थन किया।

हैरिस ने इस तरह सीनेटर जॉन सी कैलहॉन के रिकॉर्ड की बराबरी की है। कैलहॉन ने 1825 से 1832 तक पूर्व राष्ट्रपति एडम्स और एंड्रयू जैक्सन के कार्यकाल में उपराष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था। इससे पहले हैरिस ने अमेरिका की पहली महिला तथा अश्वेत उपराष्ट्रपति बन इतिहास रचा था। हैरिस ने बुधवार को 'समान रोजगार अवसर आयोग' के सदस्य के रूप में सेवा के लिए विविधता, समानता और समावेशन विशेषज्ञ, कोटागल के नामांकन के लिए अपना वोट डाला।

कोटागल के नामांकन पर सीनेट में हुए मतदान में हैरिस ने 50-50 के अनुपात में पड़े वोटों से हुए टाई को समाप्त कर दिया, जिससे उनके पद संभालने के बाद से उपराष्ट्रपति के रूप में डाले गए ऐसे वोटों की कुल संख्या 31 हो गई।

### दारफुर में 87 लोगों के शव मिले: यूएन

**काहिरा।** सूडान के पश्चिमी दारफुर में सूडानी अर्धसैनिक और सहयोगी मिलिशिया द्वारा कथित तौर पर मारे गए कई लोगों के शव मिले हैं। संयुक्त राष्ट्र ने गुरुवार को जानकारी देते हुए कहा कि 'विश्वसनीय जानकारी' के अनुसार गेइनिना के पश्चिमी दारफुर शहर के पास दो कब्र में कम से कम 87 शव मिले हैं। सूडान में 15 अप्रैल को सेना और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज खुलकर एक-दूसरे के आमने-सामने आए गए थे।

### उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग का संकल्प

# परमाणु युद्ध क्षमता और बढ़ाएंगे

**एजेंसी** | सियोल।

उत्तर कोरिया के तानाशाह नेता किम जोंग-उन ने अमेरिका की सरजमीं पर हमला करने के लिए बनाई गई नई अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के दूसरे परीक्षण का निरीक्षण किया तथा देश की परमाणु युद्ध क्षमताओं को और बढ़ाने का संकल्प लिया।

सरकारी मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। किम के बयान से स्पष्ट है कि अमेरिका द्वारा अपने सहयोगी दक्षिण कोरिया के प्रति अपनी सुरक्षा प्रतिबद्धता बढ़ाने के लिए हाल में उठाए गए कदमों के जवाब में उत्तर कोरिया अपने शस्त्रागार का विस्तार करने के लिए हथियार परीक्षण गतिविधियां तेज करेगा।


कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा, 'किम ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि और विकसित, प्रभावी एवं भरोसेमंद हथियार प्रणाली के विकास को लगातार तेज करने के रणनीतिक रुख में कोई बदलाव नहीं होगा।' किम ने कहा कि चूंकि शत्रुओं द्वारा कोरिया में सुरक्षा माहौल पर गंभीर खतरा उत्पन्न किया जा रहा है, इसलिए उत्तर कोरिया देश की परमाणु प्रतिरोधकता को बढ़ाने के लिए बाध्य है। केसीएनए ने बुधवार को उत्तर कोरिया द्वारा ह्वासोंग-18 आईसीबीएम के सफल प्रक्षेपण की पुष्टि करने के एक दिन बाद किम का बयान साझा किया।

### कैसे पूरी तरह से बदल गई धरती...

# मानव का इतिहास बताती क्रॉफोर्ड झील

**एजेंसी** | टोरंटो

कनाडा की एक झील धरती में आ रहे बदलावों की पूरी कहानी बताती है। साथ ही, ये भी बता रही है कि कैसे इंसानों की वजह से नए युग की शुरुआत हो रही है, जिसे एंथ्रोपोसीन कहते हैं यानी इंसानों की वजह से धरती पर ऐसे बदलावा आ रहे हैं, जो न ठीक हो सके। इस झील का नाम क्रॉफोर्ड लेक है। यह कनाडा के ओंटारियो में है। इसमें प्राचीन मिट्टी से लेकर इंसानों द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण के सबूत भी हैं। इसमें 13वीं से 15वीं सदी के इरोक्वियन समुदाय के सबूत हैं, तो यूरोपियन कोलोनिस्ट की मौजूदगी का इतिहास भी दर्ज है। इस वजह से यूनेस्कों ने इसे बायोस्फेयर रिजर्व घोषित कर दिया है।



### इंसानों के इतिहास का पूरा लेखा-जोखा

यह झील भौगोलिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक घटनाओं का इतिहास है। इसे वैज्ञानिक जियोलॉजिक टाइम का यूनिट मानते हैं यानी भौगोलिक बदलावों की घड़ी। यह झील एंथ्रोपोसीन की वजह से हो रहे बदलावों की गवाह है। स्टडी से पता चला है कि इस झील में इंसानों के इतिहास का पूरा लेखा-जोखा है। यूनिवर्सिटी ऑफ साउथहैम्प्टन में एनवायरमेंटल रेडियोकेमिस्ट्री के प्रमुख एंड्रयू कंडी के मुताबिक इस झील में प्लूटोनियम तक है।

### छोटी, लेकिन बेहद गहरी है लेक

रॉक यूनिवर्सिटी की माइक्रोपैलियोंटोलॉजिस्ट फ्रैंसीन मैक्कार्थी ने कहा कि झील छोटी है लेकिन बेहद गहरी भी है। इसलिए इसके अलग-अलग स्तर पर पानी अलग है, जो मिक्स नहीं होता। कैल्सियम और कार्बोनेट पत्थरों से निकल कर पानी में मिलकर क्रिस्टल बनाते हैं। वो झील की तलहटी में सेट हो जाते हैं, जो हर मौसम का हाल बयान करते हैं। इसके अलावा जमा हो रहे बीज, शूट, जड़, आइसोटोप्स, मिट्टी की परतें, जानवरों हड्डियां आदि सब मिलते हैं।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl